17. ब्रेनर, एस०। *The Mechanism of Gene action* जे०ए० चर्चिल लि०, लंदन, 1959।

18. मुलर, एच० जे०। बुले० अमे० मैथ० सोसा०, 1958, **64,** 137।

19. वैलेस, बी० तथा एड्रियन, एम०। *Adaptation.* प्रेंटिस हाल, नई दिल्ली, 1963

20. बहादुर, के० तथा सक्सेना, आई०। बायोलाजिया प्लैन्टारम, 1965, **7,** 86।

21. कैल्विन, एम० तथा कैल्विन, सी० जे०। अमे० साइंटिस्ट, 1964, **52,** 163-183।

22. जाबिन, आई०। *Proteins in Lectose System.* 1964।

23. बहादुर, के०, रंगनायकी, एस०। *Zbl. Bakt,* 1964, **117,** 567-74।

24. वही। विज्ञान परिषद अनु० पत्रिका, 1963, **6,** 63।

25. बहादुर, के०। *Zbl. Bakt,* 1964, **118,** 671-94।

26. जार्डन, पी०। फिजिक्स जर्न०, 1938, **39,** 711।

27. पालिंग, एल० तथा डेल्ब्रक, एम०। साइंस, 1940, **92,** 77।

28. बहादुर, के०। *Zbl. Bakt*, 1964, **117**, 585-602।

29. बहादुर, के०। *Synthesis of Jeewanu, the Protocell.* रामनारायण लाल बेनी प्रसाद, इलाहाबाद, 1966।

30. कुमार, ए०। इलाहाबाद विश्वविद्यालय, डी० फिल० थीसिस, 1966।

31. ब्रिग्स, एम० एच०। स्पेस फ्लाइट, 1965, **7**, 129-31।

आणविक अथवा रासायनिक विकास सम्बन्धी नवीन धारणा

लेखक

कृष्ण बहादुर तथा एस० रंगनायकी

रसायन विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय

1966, भाग 9, संख्या III, पृ० 117-126 से पुनर्मुद्रित

New approach to molecular or chemical evolution

By

K. Bahadur and S. Ranganayaki

Chemistry Department, University of Allahabad, Allahabad.

Reprinted from the *Vijnana Parishad Anusandhan Patrika*
Vijnana Parishad, Allahabad, India

1966, Vol. 9, Part III, Pages 117-126

विज्ञान परिषद् अनुसंधान पत्रिका
1966, **9**, 117-126

VIJNANA PARISHAD
ANUSANDHAN PATRIKA
1966, **9**, 117-126

आणविक अथवा रासायनिक विकास सम्बन्धी नवीन धारणा

कृष्ण बहादुर तथा एस० रंगनायकी
रसायन विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय

[प्राप्त—अप्रैल 2, 1966]

सारांश

जीवित प्रणाली के सर्वप्रथम उदय होने के पूर्व आणविक अथवा रासायनिक विकास सम्बन्धी धारणा के सम्बन्ध में कुछ कारण प्रस्तुत किये गये हैं। विकासवाद की यह धारणा बिना प्राकृतिक वरण अथवा अनुकूलन के भ्रामक है। प्राकृतिक वरण न तो पुराने और न नये माडलों के निर्माण सम्बन्धी नियमों को लाद ही सकता है वह स्वतः पुनरावृतिकारी प्रणाली का निर्माण कर ही नहीं सकता। यह तभी प्रभावशाली हो सकता है। जब कुछ विचलन एवं अनुकूलन के गुणधर्मों से सम्पन्न स्वतः प्रतिकृतिकारी प्रणालियाँ उपस्थित हों। अनुकूलन एवं गुणन पदार्थ के मूलभूत गुणधर्म हैं जिनका प्रेक्षण उपयुक्त अवस्थाओं के अन्तर्गत किया जा सकता है। गत्यात्मक सन्तुलन पर सूक्ष्म अणुओं से बनी हुई रसायनों की प्रणाली उपयुक्त दशाओं में ऐसी वस्तुयें निर्मित कर सकती है जिनमें वृद्धि, गुणन तथा उपापचयन सक्रियता के गुणधर्म प्रदर्शित होते हों। ऐसे पदार्थों में अनुकूलन का गुण विद्यमान रह सकता है। इनमें आकारीय लक्षण हो सकता है और ये संवर्द्ध में संवर्द्धित किये जा सकते हैं। जीवाणु ऐसे ही पदार्थ हैं।

आणविक अथवा रासायनिक विकास पहले तो आणविक समुदायों के रूप में प्रकाशीय सूक्ष्मदर्शी के परास से परे और बाद में माइक्रानों के आकार में प्रगतिशील रहा।

ऐमीनो अम्ल तथा पेप्टाइडों से निर्मित जीवाणुओं ने विकास के फलस्वरूप कोशीय जीवित प्रणाली का रूप ग्रहण किया और इस प्रकार जीवित प्राणालियों के निकटतम पूर्व-उत्पादक बने।

Abstract

New approach to molecular or chemical evolution. *By* K. Bahadur and S. Ranganayaki, Chemistry Department, University of Allahabad, Allahabad.

The reasons for the concept of molecular or chemical evolution preceding the appearance of the earliest living system have been discussed. This concept of evolution without natural selection or adaptability is misleading. Natural selection can neither impose rules for the formation of an old or new models, least the formation of a self-replicating system and it can be effective only when self-replicating systems with

slight variations and with properties of adaptability are present. Adaptability and multiplication are the inherent properties of matter and these can be observed under suitable conditions. A system of chemicals at dynamic equilibrium and made of smaller molecules could under appropriate condition form objects which showed the properties of growth, multiplication and metabolic activity in biological sense. These objects have property of adaptability so could evolve. These have morphological look and can be subcultured in appropriate environmental medium. Jeewanu are such objects.

The molecular or chemical evolution was in progress first in molecular associations beyond the range of optical microscope and later in the size of microns.

Jeewanu which were made of amino acid and peptides on evolution formed cellular living system and were thus the immediate precursors of our living systems.

बीसवीं शती में पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति की समस्या ने नवीन प्रकार की शोधों को जन्म दिया है और प्रथम कोशों की उत्पत्ति के पहले आणविक या रासायनिक विकास की धारणा एंगेल्स[1], मिचेल[2], ओपैरिन[3], कैल्विन[4] तथा अन्य अनेक वैज्ञानिकों के सोचने के फलस्वरूप बनी है। सर्वप्रथम 1926 ई० में रूस की वनस्पति परिषद् की एक बैठक में ओपैरिन ने वास्तविक जीवित प्रणालियों की उत्पत्ति के पूर्व ही पृथ्वी पर आणविक विकास के विचार को स्पष्ट कर दिया था। तब से उन्होंने इस विचार को काफी विकसित किया और उसे अपनी पुस्तक "जीवन का उदय" में बराबर स्थान देते आये हैं। ठीक इसी प्रकार का विचार करने के पश्चात् कैल्विन[4] ने प्रथम जीवित प्रणाली के पूर्व रासायनिक विकास सम्बन्धी विचार विस्तुत किया है। बर्नाल[5] का सुझाव है कि प्रथम जीवित प्रणाली के अस्तित्व में आने के बहुत पूर्व ही रासायनिक उपापचयन अग्रसर होकर पूर्णता प्राप्त कर रहा था।

ऐसे विचारों के लिये जो प्रमुख कारण उत्तरदायी थे उनमें प्रथम यह था कि कोश में जो अणु विद्यमान हैं वे आकृति में बड़े एवं संरचना में जटिल हैं। प्रकृति में ऐसे अणुओं की उत्पत्ति ऐसे ही नहीं हो सकती। सरल अणुओं से ऐसे अणुओं के बनने के लिये किसी न किसी प्रकार की पूर्ण प्रक्रिया की आवश्यकता होगी। दूसरे यह कि जब से पृथ्वी जीवित प्रक्रमों को धारण करने के लिये अनुकूल हुई उस काल से लेकर उस काल के बीच जबकि जीवित प्रणालियों के चिन्ह ढूँढ़ निकाले गये हैं काफी अवकाश है अतः इस अवकाश में जीवित प्रणालियों के न पाये जाने का कारण यही हो सकता है कि इस अवधि में कोई पूर्ण प्रक्रिया क्रियाशील रही हो जो अन्त में जीवित प्रणाली में परिणत हो गई हो और इसके पूर्व पूर्णता को प्राप्त न हुई हो। सामान्यतः जीवन की उत्पत्ति सम्बन्धी मान्य काल प्रायः $2{\cdot}5 \times 10^{12}$ वर्ष पूर्व है किन्तु पृथ्वी पर जल तथा वायुमण्डल का अस्तित्व प्रायः 4×10^{12} वर्षों से है। इस प्रकार से आणविक विकास के अग्रसर होने के लिये काफी समय मिला होगा जिसके कारण प्रायः $1{\cdot}5 \times 10^{12}$ वर्षों तक पृथ्वी में जीवित प्रणालियों का अभाव रहा होगा।

फिर भी इन दोनों तर्कों में दोष हैं। सर्वप्रथम तो यह कि हमें यह पता ही नहीं है कि कोशा में पाये जाने वाले यौगिक जिनसे हम परिचित हैं वे पहले पहल प्रकृति में निर्मित होकर प्रारम्भिक कोशाओं

में सम्मिलित हो गये अथवा वैकल्पिक रूप में यह कि विकास की अवधि में ये यौगिक कोशाओं के ही भीतर निर्मित हुये और प्रारम्भिक कोशाओं को निर्मित करने वाले यौगिकों से ये सर्वथा भिन्न हैं। ये दोनों ही तर्क समान रूप से सम्भव हैं। पृथ्वी की प्रारम्भिक अवस्था में जैसी परिस्थितियाँ थीं उनके अन्तर्गत इन पदार्थों के बन जाने की सम्भावना से इस बात की पुष्टि नहीं मानी जा सकती है ये उत्पन्न हुये ही होंगे और ऐसे यौगिक जो इन अवस्थाओं में प्रकृति में उत्पन्न हो सकते हैं किन्तु कोशा के भीतर उपस्थित नहीं हैं उनकी संख्या अधिक होगी। दूसरे यह कि वह काल जब कि सर्वप्रथम जीवित प्रणालियों का उदय हुआ पूर्वअनुमानित काल से काफी पहले सरक सकता है। बर्नाल[5] तो इस काल को $3{\cdot}5 \times 10^{12}$ वर्ष पूर्व तक पछेल देने के पक्ष में हैं जिस काल में भूपर्पटी पिघली भर थी[6]—चाहे वह उस समय गरम पिंड के रूप में थी अथवा ठंडे पदार्थ कणों के संघनन अवशेष के रूप में रही हो[7–8–9]।

किन्तु आणविक या रासायनिक विकास पद का व्यवहार बारम्बार होता रहा है। जब तक पूर्ण स्व-प्रतिकृतिक मशीन तैयार न हो ले प्राकृतिक वरण द्वारा विकास की ऐसी कल्पना कर पाना कठिन है जिसे हम व्यवहार में लाये जाने वाले विकास पद का सच्चा रूप कह सकें। जैसा कि ब्लम[10] ने प्रस्तावित किया है कि यह आवश्यक निर्देश है क्योंकि जीवित प्रणालियों की उत्पत्ति के सम्बन्ध में विचार करते समय त्रुटि हो सकती है क्योंकि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कभी-कभी प्राकृतिक वरण पद का व्यवहार त्रुटि-वश ऐसी वस्तुओं की उत्पत्ति के लिये किया जाता है जो प्राकृतिक वरण द्वारा विकास के पूर्व भी विद्यमान थीं।

यदि कतिपय अणुओं के निर्माण सम्बन्धी विचारों के लिये कुछ हद तक रासायनिक रूपान्तरों की आवश्यकता पड़े तो रासायनिक विकास के स्थान पर रासायनिक रूपान्तर पद का व्यवहार किया जा सकता है। ऐसे रासायनिक रूपान्तर ऊष्मागतिकीय तथा गतिज मान्यताओं के अनुसार अग्रसर हो सकते हैं और इनके साथ विकास सम्बन्धी किसी भी प्रकार की विचारधारा को, यहाँ तक कि दूरतम प्रसंग में भी, सम्मि-लित नहीं किया जा सकता। ऐसे रासायनिक रूपान्तरों के लिये केवल ऊष्मागतिकीय एवं गतिज विचार ही आवश्यक होंगे, प्रतिकृतिक प्रकार के सूचक किसी भी त्रिविमीय अवयव की आवश्यकता नहीं है। इससे निर्जीव प्रणालियों के सामान्य रासायनिक रूपान्तर एवं जीवित प्रणाली के विकासमान अनुकूलनों में स्पष्ट अन्तर हो जाता है।

ऊष्मागतिकी मान्यताओं के अनुसार समय के बढ़ने के साथ ही ऐसे निर्जीव रासायनिक रूपान्तरों के ऐन्ट्रापी में वृद्धि होगी जिससे सुसंयोजित ढाँचा बनने के बजाय अनिश्चितता की दशा प्राप्त होगी। यदि जीवन की उत्पत्ति होनी ही हो तो कोई न कोई व्यवस्थित प्रक्रम अवश्य रहता किन्तु ऐसे प्रक्रम का होना आणविक या रासायनिक विकास सम्बन्धी आधुनिक विचारधारा द्वारा तब तक विवेचित नहीं हो पाता जब तक कि द्रव्य में कुछ ऐसी अतिरिक्त विशिष्टतायें न हों जिनका उल्लेख आगे किया जा रहा है। अप्रत्यक्ष रूप से ऐसा विचार किया जाता है कि एक बार अवयवी अणुओं का मिश्रण उपस्थित हो जाय तो जीवन का स्वतः उदय एवं विकास होने लगेगा।

आज की कोशाओं के कई अंग हैं—यथा क्लोरोप्लास्ट जो प्रकाश संश्लेषण में सहायता करते हैं; माइटोकोण्ड्रिया जो उपापचयन को नियन्त्रित करने वाले ऐंजाइमी-परिवर्तनों को लाते हैं, माइक्रोसोम जो

प्रोटीन तथा कतिपय राइबोन्यूक्लिक अम्लों का संश्लेषण करते हैं एवं डेसाक्सीराइबोज न्यूक्लिक अम्ल युत क्रोमोसोम आदि। किन्तु ये सभी उस विशिष्ट स्थिति के ही सूचक हैं जो प्रारम्भ में आणविक संयोजन के फलस्वरूप सर्वसत्ता-जीवित प्रणाली के रूप में थी न कि किसी एक न्यूक्लिक अम्ल के अणु को जो अपने में कुछ भी नहीं है[5]।

प्रकाश रासायनिक विधि से संश्लिष्ट जीवाणु का माइक्रोग्राफ। आवर्धन × 1500



Micrograph of Jeewanu synthesised photochemically, mag. × 1500

जीवाणु का माइक्रोग्राफ जिसमें कलिकायें प्रदर्शित हैं। आवर्धन × 1000



Micrograph of Jeewanu showing buddings, mag. × 1000.

जीवाणु का माइक्रोग्राफ जिसमें सीमा-भित्ति तथा आन्तरिक संरचनायें प्रदर्शित हैं। आवर्धन × 2000



Micrograph of Jeewanu showing the boundary wall and internal structures mag. × 2000.

कलिका-यत जीवाणु का माइक्रोग्राफ़ 1500 गुना आवर्धित



Micrograph of a Jeewanu with a bud (photographed at 1500 mag. and highly magnified).

वर्तमान जीवित प्रणालियों में आनुवंशिक पितृ से सन्तानों तक न्यूक्लिक अम्ल द्वारा स्थानान्तरित होता है । अनुक्रम परिकल्पना (sequence hypothesis) से यह अनुमोदन होता है कि न्यूक्लिक अम्ल अणुओं में आनुवंशिक (genetic) सूचनायें संग्रह रहती हैं और ये रैखिक रूप में प्रेषित होती हैं। इसे प्रोटीन में पाये जाने वाले ऐमीनो अम्लों के अवशेषों के रैखिक क्रम द्वारा व्यक्त किया जाता है। यह सूचना केवल एक दिशा में प्रेषित की जाती है अर्थात् न्यूक्लिक अम्ल के आधार अनुक्रम (base sequence(से प्रोटीन अणुओं के ऐमीनो अम्ल तक। क्रिक[11] ने प्रमाण प्रस्तुत किये हैं कि प्रोटीन की त्रिविमीय संरचना, प्रोटीन अणुओं के भीतर एंव परिवेश के अणुओं की प्रति क्रियायें (interaction) तथा प्रोटीन के समूहन की क्रियायें अवयवी ऐमीनों अम्लों की विशिष्ट व्यवस्था के कारण हैं। ऐसे काल निरपेक्ष शब्दकोश के संग्रह का कार्य चालू है जो न्यूक्लिक अम्ल आधारों के अनुक्रम को व्यक्त कर सके जो प्रोटीन में विशिष्ट ऐमीनो अम्लों में प्रेषित होते हैं [12–16]।

जीवाणु में कालिकाओं का निर्माण एवं वृद्धि को दिखाने वाले माइक्रोग्राफ, आवर्धन × 1500



Time-lapse micrograph showing formation of buds and their growth in Jeewanu, mag. × 1500.

किन्तु किसी भी पुनरावृत्ति एवं प्रोटीन संश्लेषण के आधुनिक सिद्धान्त द्वारा आनुवंशिक पाठ की उत्पत्ति प्रस्तावित नहीं होती जो क्रियात्मक प्रोटीनों में प्रतिकृति, अनूदित तथा व्यक्त होती हो। अनुकृत, कोडिंग (संकेतन) तथा प्रोटीन संश्लेषण की अनुकृति के अधिकांश सिद्धांत जैविक वृहद अणुओं की उप-इकाई के अनुक्रम में किसी प्रकार के नियम, नियन्त्रण या सम्भवन का अभाव देखते हैं जब तक कि आनु-वंशिक अनुक्रम में कोई ऐसा क्रम पहले से विद्यमान न हो[17]।

सामान्यतः आनुवंशिकीविदों का विश्वास है कि इस आनुवंशिक क्रम की उत्पति, जो न्यूक्लिक अम्ल में आधारों के रेखीय अनुक्रमों के रूप में पाया जाता है यादृच्छिक, कल्पित त्रुटियों की स्मृति में प्राकृतिक वरण के विकासमान प्रक्रम के रूप में अथवा किसी पहले से विद्यमान अनुक्रम की पुनरावृति के रूप में अथवा पुनर्जनन के प्रक्रम में अनुक्रमों के मिश्रण के फलस्वरूप हुई होगी। आनुवंशिक क्रम का प्रारम्भिक उदय उप-इकाइयों के संयोजन के फवस्वरूप हुआ माना जाता है जो आज्ञात कारणों से स्वतः आवृति करने में समर्थ

हो सका। यह प्राकृतिक वरण की विचार-धारा का गलत प्रयोग है। प्राकृतिक वरण का सिद्धान्त ऐसी इकाइयों से जो अनुकृति में समर्थ हैं उनमें से अन्ततः चुनाव करने को दर्शाता है। यह संश्लेषण के समय किसी विशिष्ट क्रम के होने के सम्बन्ध में किसी नियम को निर्धारित नहीं करता और पुनर्जनन की क्षमता के सम्बन्ध में तो बिल्कुल ही नहीं।

मुलर के अनुसार[18] गुणन, परिवर्तन, वरण तथा अनुकूलन के प्रक्रमों द्वारा आनुवंशिक सूचना उत्पन्न होती है जिससे किसी एक अनुक्रम का चुनाव होता है। किन्तु इनसे ऐसी आनुवंशिक सूचनायें ही संग्रहीत होती हैं जिससे विशिष्ट दशा का बोध होता है किन्तु प्रारम्भिक दशाओं में इस अवस्था को उत्पन्न करने के सम्बन्ध में किसी प्रकार की सूचना प्रदान नहीं करता।

विकास में अनुकूलन की घटना महत्वपूर्ण है और जीवित प्रणाली के लिए आवश्यक गुणधर्म मानी जाती है। जहाँ तक किसी प्रजाति के लक्षणों के परिवर्तन का प्रश्न है यह अनुकूलन विकास का महत्वपुर्ण पक्ष है और जितने भी परम्परागत अनुकूली विभिन्नता हैं वे विकासीय परिवर्तन हैं। किन्तु इसका विलोम कथन कि सभी विकासीय परिवर्तन अनुकूली हैं सत्य नहीं है।

विकास के दो प्रमुख पक्ष हैं। प्रथम तो वह जो परिवर्तनों द्वारा व्यक्त होता है और दूसरा वह जिससे नवीन प्रजातियों का जन्म होता है। अधिकांश विकासीय परिवर्तन प्रथम कोटि में आते है और ये वे परिवर्तन हैं जो किसी प्रजाति या प्रजाति के सदस्य में परिवेश के अनुसार होते हैं। इन्हीं परिवर्तनों से जनसंख्या का अस्तित्व बना रहता है। तब केवल प्राकृतिक वरण का क्रम चालू होता है। इसके द्वारा पितृ एंव शेष जन-संख्या में कोई असमानता नहीं आने पाती। असमानता के कारण ही प्राकृतिक वरण होता है। यदि क्रमिक मन्द परिवेशात्मक परिवर्तन होता है तो प्राकृतिक वरण के द्वारा जनसंख्या में अनुकूलन के परिवर्तन परिलक्षित हो सकते हैं।

इस प्रकार विकास को अनुकूलनों का सार-संकलन कहा गया है। इसे और सरल शब्दों में इस प्रकार कहा जा सकता है कि "अनुकूलन ही विकास है"।[19]

विभिन्न सदस्यों से बनी हुई जनसंख्या उसके द्वारा वहन की जाने वाली विभिन्न जीनों (genes) की आवृतियों में क्रमानुसार परिवर्तन के माध्यम से नये पिरविेश के अनुसार अपने को ढालती है। जीवाणवीय जनसंख्या जिसमें एकाकी जीन परिवर्तनों के द्वारा कतिपय परिवेशीय प्रतिबंध पूर्ण होते हैं तथा जहाँ संततियाँ पितृ के ही समान होती हैं वहाँ जनसंख्या का अनुकूलन एक ही पीढ़ी में पूरा हो जाता है। द्विगुणित संकर निषेचित सदस्यों में जीन पुनःसंयोजन के फलस्वरूप समलक्षणी पितृ एवं उसकी संततियों में जीवाणुओं की अपेक्षा कही न्यून सम्बन्ध देखा जाता है।

अनुकूलन की घटना को इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है: "यदि किसी जीवित प्रणाली पर प्रतिबन्ध लगाया जाय तो यदि सम्भव हुआ तो प्रणाली में ऐसा परिवर्तन घटित होगा जिससे वह प्रतिबन्ध समाप्त हो जाय।" कोई भी जीवित प्रणाली संतुलन में रहने वाली प्रणाली है। अतः अनुकूलन की उपर्युक्त परिभाषा को इस प्रकार संशोधित किया जा सकता है कि "यदि किसी संतुलन को प्राप्त प्रणाली पर प्रति-

बन्ध लगाया जाय तो प्रणाली के भीतर ऐसा परिवर्तन होगा जिससे यह प्रतिबन्ध दूर हो जाय'' किन्तु यह तो ल शतालिए का सिद्धान्त है जिसे उन्होंने रासायनिक संतुलन के लिये 1888 ई० में प्रस्तावित किया था।

इस प्रकार अनुकूलन न केवल रासायनिक सन्तुलन में पाया जाता है वरन् यह सन्तुलन को प्राप्त किसी भी प्रणाली में, जिसमें जीवित प्रणाली सम्मिलित है, पाया जाता है। बहादुर तथा सक्सेना[19] ने ऐंजाइम-माध्यमों में अनुकूलन की घटना का अवलोकन किया है। एंजाइमों में ऐसे भी अनुकूलन देखे गये हैं[20] जहाँ उबालने या विप्रकृतीकरण के द्वारा प्रोटीन अणुओं में अव्यवस्था आ जाती है किन्तु इस प्रभाव का शीघ्र ही निराकरण हो जाता है जिसमे नवीन अणुओं की सृष्टि न होकर अकुंडलित दशा से व्यवस्थित दशा प्राप्त हो जाती है। यह सूचित किया गया है कि ऐजाइम को निष्क्रिय बना कर यह दिखाया जा सकता है कि निष्क्रियता का कारण उन तृतीयक तथा चतुर्थक संरचनाओं का विनष्टीकरण है जो परस्पर संकुलित हैं किन्तु प्राथमिक संयोजकता द्वारा जुड़ी नहीं हैं। इस निष्क्रिय पदार्थ को उपयुक्त ताप पर रखने पर 95% ऐंजाइमी-सक्रियता पुनः प्राप्त की जा सकती है और तृतीयक तथा चतुर्थक संरचनायें पुनरुत्पादित हो सकती हैं[21]। इस प्रकार के विनष्टीकरण द्वारा प्राथमिक संरचना प्राप्त की जा सकती है और विपरीत दिशा में चलकर तृतीयक तथा चतुर्थक संयोजन तक पहुँचा जा सकता है। ऐल्डोलेक्स में इस दशा को पूर्णरूप से प्राप्त किया जा सकता है।[21]

इनमें से अनेक परिवर्तनों की विवेचना ऊष्मागतिकी स्थायित्व के द्वारा की जा सकती है। बहादुर तथा रंगनायकी[22,23] का अभिमत है कि किसी भी संतुलन प्राप्त प्रणाली में अनुकूलन का गुणधर्म निहित रहता है जिसकी अभिव्यक्ति ल शतालिए का सिद्धान्त है। किन्तु कोरे अनुकूलन के कारण विकास सम्भव नहीं। विकास के पूर्व प्रणाली में प्रतिकृति करने की क्षमता होनी अनिवार्य है। बहादुर तथा रंगनायकी[22, 23] के अनुसार उपर्युक्त दशाओं में द्रव्य में द्विगुणन की विशेषता निहित रहती है। बहादुर[24] के अनुसार क्वांटम यांत्रिकी संस्पंदन अन्तःक्रिया का स्थायित्व बल[25] ही द्रव्य के इस गुणधर्म को व्यक्त करता है। सर्वप्रथम जीवित प्रणाली अवश्य ही छोटे छोटे अणुओं से निर्मित रही होगी जिममें आणविक अन्तः क्रिया बल संस्पंदन अतः क्रिया बलों से काफी लघु रहे होंगे। एक बार प्रतिरूपी आकृति (माडेल) बन जाने पर वह इस बल के द्वारा स्थिर हुई होगी जिससे और भी अनेक आणविक संरचनायें बनी होंगी। जब आणविक अन्तः क्रिया बल क्वांटम यांत्रिकी संस्पंदन अंतःक्रिया बलों से बलशाली होंगें तो दीर्घतर अणुओं से निर्मित प्रणाली का विकास लघुतर अणुओं से हुआ होगा और इस संधिकाल में न्यूक्लिक अम्ल द्वारा प्रेरित द्विगुणन क्रिया चालू हुई होगी। यह विचार-धारा बायपोएसिस (biopoesis) के अध्ययन की विकासवादी धारा से मेल खाती है।

गुणन तथा अनुकूलन के गुणधर्मों से युक्त द्रव्य द्वारा ऐसी प्रणालियों का जन्म होगा जो यदि सूक्ष्मतर अणुओं से बनी हों तथा खुली प्रणाली प्रकार के गतिशील संतुलन में हों तो वे वृद्धि, गुणन तथा उपापचयी सक्रियता प्रदर्शित करेंगी, उनमें अनुकूल का गुणधर्म होगा और उनमें विकास होगा। इस प्रकाश में आणविक या रासायनिक विकास जीवन तथा जीवित प्रणाली संश्लेषण में एक अनिवार्य अवस्था के रूप में पाई जावेगी। जहाँ कहीं भी आवश्यक दशायें प्राप्त हुई होंगी, वहीं आणविक समूह बनने के पूर्व भी द्रव्य का विकास होता

रहा होगा। बर्नाल[5] ने ऐसी उपापचयी इकाइयों के अस्तित्व की सम्भावना व्यक्त की है जो प्रथम जीवित प्रणाली के निर्माण के पूर्व रही होगी।

अन्ततः द्रव्य के द्विगुणन तथा अनुकूलन इन निहित गुणधर्मों के कारण सूक्ष्म आकार वाली वस्तुओं की उत्पति हुई जिनमें वृद्धि, पुनर्जनन तथा सक्रियता थी और वे अनुकूलन में समर्थ थे जिससे विकास हुआ। ऐसी इकाइयाँ का कृत्रिम संश्लेषण किया जा चुका है और इनका नाम "जीवाणु" रखा गया है। यह संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है जीव के कण[23]। इन इकाइयों को संवर्द्धित किया जा सकता है[27,23]। इनकी विशिष्ट आकारिकी होती है[27,29]। जीवाणु के प्रकाशरासायनिक उत्पति सम्बन्धी प्रयोगों को ब्रिग्स[30] ने स्वतन्त्र रूप से पुष्टि करते हुये उन्हें आगे बढ़ाया है।

निर्देश

1. ऐंगेल्स, एफ०। *Dialectics of Nature. Partizdat*, 1933।
2. मिचेल, पी०। **सिम्पो० सोसा० एक्सपे० बायो०,** 1954, **8,** 254।
3. ओपैरिन, ए० आई०। *The Origin of Life* **डोबर प्रकाशन, न्यूयार्क** 1953।
4. कैल्विन, एम०। **प्रोसी० 10वाँ इंटरने० बाट० काँग्रेस,** 1964, 41-56।
5. बर्नाल, जे० डी०। **ओसनिओ० अमे० एसोशि० एडवांसमेंट साइं०,** 1961, 95-118।
6. विनोग्रैडोव, ए० पी०। **चोथा इंटरने० सिम्पो०,** *Origin of Life on Earth,* **मास्को,** 1957, 23-3।
7. लेविन, बी० यू०। **प्रिरोडा, लेनिनग्राड,** 1949, **10,** 3।
8. वही। **इज्वे० एके० नाउक०, रूस,** 1953, **4,** 289।
9. वही। **इंटरने० सिम्पो०** *"Origin of Lif on Earth"* **मास्को** 1957, **परगैमन प्रेस,**1959, 67-75।
10. ब्लम, एच० एफ०। **अमे० साइंटिस्ट,** 1961, **49,** 474-501।
11. क्रिक, एफ० एच० सी०। **सिम्पो० सोसा० एक्सपे० बायोला०** *"On Protein Synthesis"* **गेट ब्रिटेन,** 1958, **12,** 138।

12. गैमो, जी०, रिच, ए०, यकुआस, एम०। — *Advances in Biological and Medical Physics* एकेडमिक प्रेस, न्यूयार्क, 1956, 23।

13. क्रिक, ग्रिफिथ, तथा आर्गेल। — प्रोसी० नेश० एके० साइं० (अमरीका), 1959, **43**, 416।

14. गोलोम्ब, एस० डब्लू०, वेल्च, एल० आर० तथा डेल्ब्रेक, एम० के०। — *Danske Vidensk, Selsk (Biol. Medd).* 1958, **23**, 9।

15. यकुआस, एम०। — *Information Theory of Biology* परगैमन प्रेस, न्यूयार्क, 1958, 70।

16. वोसे, सी० आर०। — बायोकेमि० तथा बायोफिजिक्स रिसर्च कम्यूनिकेशन, 1961, **5**, 88।

17. ब्रेनर, एस०। — *The Mechanism of Gene action* जे०ए० चर्चिल लि०, लंदन, 1959।

18. मुलर, एच० जे०। — बुले० अमे० मैथ० सोसा०, 1958, **64**, 137।

19. वैलेस, बी० तथा एड्रियन, एम०। — *Adaptation.* प्रेंटिस हाल, नई दिल्ली, 1963

20. बहादुर, के० तथा सक्सेना, आई०। — बायोलाजिया प्लैन्टारम, 1965, **7**, 86।

21. कैल्विन, एम० तथा कैल्विन, सी० जे०। — अमे० साइंटिस्ट, 1964, **52**, 163-183।

22. जाबिन, आई०। — *Proteins in Lectose System.* 1964।

23. बहादुर, के०, रंगनायकी, एस०। — *Zbl. Bakt*, 1964, **117**, 567-74।

24. वही। — विज्ञान परिषद अनु० पत्रिका, 1963, **6**, 63।

25. बहादुर, के०। — *Zbl. Bakt*, 1964, **118**, 671-94।

26. जार्डन, पी०। — फिजिक्स जर्न०, 1938, **39**, 711।

27. पालिंग, एल० तथा डेल्ब्रक, एम०। — साइंस, 1940, **92**, 77।

28. बहादुर, के०। *Zbl. Bakt*, 1964, **117**, 585-602।

29. बहादुर, के०। *Synthesis of Jeewanu, the Protocell.* रामनारायण लाल बेनी प्रसाद, इलाहाबाद, 1966।

30. कुमार, ए०। इलाहाबाद विश्वविद्यालय, डी० फिल० थीसिस, 1966।

31. ब्रिग्स, एम० एच०। स्पेस फ्लाइट, 1965, **7**, 129-31।

टेकनिकल प्रेस प्रा० लि०, प्रयाग

जीवाणु (जैविक कोटि के गुणों से युक्त आणविक समूह) का निर्माण

लेखक

कृष्ण बहादुर तथा एस० रंगनायकी

रसायन विभाग, प्रयाग विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

1966, भाग 9, संख्या IV, पृ० 171-182 से पुनर्मुद्रित

Formation of Jeewanu, the molecular association with properties of biological order

By

K. Bahadur and S. Ranganayaki

Department of Chemistry, University of Allahabad

Reprinted from the *Vijnana Parishad Anusandhan Patrika*
Vijnana Parishad, Allahabad, India

1966, Vol. 9, Part IV, Pages 171-182

विज्ञान परिषद् अनुसन्धान पत्रिका
1966, 9, 171-182

VIJNANA PARISHAD
ANUSANDHAN PATRIKA
1966, 9, 171-182

जीवाणु (जैविक कोटि के गुणों से युक्त आणविक समूह) का निर्माण

कृष्ण बहादुर तथा एस० रंगनायकी

रसायन विभाग, प्रयाग विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

[प्राप्त—सितम्बर 24, 1966]

सारांश

जीवन की उत्पत्ति के विषय में अजैविक उत्पत्ति सिद्धान्त की विवेचना की गई है तथा जलीय मिश्रणों में कोलाइडी अवस्था में अधिक पृष्ठीय क्षेत्रफल से युक्त अकार्बनिक उत्प्रेरकों की उपस्थिति में होने वाली प्रकाश-रासायनिक अभिक्रियाओं के महत्त्व पर बल दिया गया है। इन मिश्रणों में ऐमीनो अम्ल और पेप्टाइड बनते हैं। यह सुझाव दिया गया है कि द्रव्य में द्विगुणित होने तथा परिस्थिति के अनुसार अपने को ढाल लेने के जन्मजात गुण होते हैं और उचित दशाओं में ये ऐसे आणविक समूहों के निर्माण में सहायक होते हैं जिनमें वृद्धि, गुणन तथा चयोपचय सक्रियता के गुण होते हैं। ऐसे आणविक समूह विभिन्न प्रक्रमों के द्वारा संश्लेषित किये गये हैं। इन्हें "जीवाणु" की संज्ञा दी गई है। जीवाणु अपने परिवेशी माध्यम से भोज्य पदार्थ का उपयोग करके बढ़ते हैं तथा एक विशिष्ट आकार को प्राप्त करने के बाद **कली बना बना कर** (Budding) अपनी संख्या में वृद्धि करते हैं। उनमें आकस्मिक तथा परिस्थिति के अनुसार परिवर्तन भी दिखाई पड़ते हैं तथा उनमें विकास की भी क्षमता पाई जाती है। जीवाणुओं को उनके विशिष्ट माध्यम (कल्चर) में उत्पन्न भी किया जा सकता है। इसी प्रकार जीवाणु में एक जीवित पदार्थ के सभी आवश्यक गुण पाये जाते हैं, परन्तु इसका संश्लेषण अजीवित पदार्थ से किया गया है। जीवाणु का संश्लेषण प्राकृतिक दशाओं में हो सकता है, और संभवतः कोशीय जीवन के पूर्व जीवाणुओं हो का निर्माण हुआ होगा। अभी हाल में फाक्स ने माइक्रोस्फियर में एक एक करके वृद्धि, गुणन तथा चयोपचय सक्रियता के गुणों के प्रमाण दिये है।

Abstract

Formation of Jeewanu, the molecular association wih properties of biological order. *By* K. Bahadur and S. Ranganayaki, Department of Chemistry, University of Allahabad.

The abiogenic approach to the problem of origin of life has been discussed and the importance of the photochemical reactions taking place in aqueous mixtures, having inorganic catalysts with large surface areas as in colloidal conditions is stressed. Amino acids and peptides are formed in these mixtures. It has been suggested that matter has

inherent properties of duplication and adaptability and under suitable conditions these help in the formation of molecular associations with properties of growth, multiplication and metabolic activity. Such molecular associations have been synthesised by several processes. These have been named as JEEWANU. Jeewanu grow by utilising the nutrition from the environmental medium, after reaching a specific size they multiply by budding, they show mutational and adaptive changes and are capable of evolution. Jeewanu can be subcultured in their specific media. Jeewanu satisfy all the essentials for a living system but have been synthesised from non-living materials. Jeewanu can be synthesised under natural conditions and were thus, in all probability, the immediate precursors of cellular life. Recently Fox has produced the evidence of growth, multiplication and metabolic activity singly in microspheres.

जीवन की उत्पत्ति के विषय में आणविक विकास के प्रक्रम के द्वारा जीवोत्पति के आधुनिक सिद्धान्त का इतिहास बड़ा प्रभावशाली रहा है। जैविक कोटि के यौगिकों के अजैवी पद्धति द्वारा निर्माण, स्वयं द्विगुणित होती कलाओं के अध्ययन, तथा जैविक कोटि के गुणों से युक्त आणविक समूहों की खोज में पर्याप्त संतोषजनक प्रगति हुई है। अजीवित पदार्थों से जीवोत्पत्ति का प्रथम चरण उन प्राकृतिक प्रक्रमों की खोज था, जिनके द्वारा जीवशास्त्र सम्बन्धी यौगिकों-जैसे ऐमीनो अम्ल, पेप्टाइड, प्यूरीन और पिरीमिडीन आदि का निर्माण हो सके। इन यौगिकों की अजैवी पद्धति द्वारा संश्लेषण के विभिन्न प्रक्रमों की खोज की गई। इन सभी प्रक्रमों ने जिनका उपयोग इन संश्लेषणों के हेतु किया गया है, संभवतः पूर्व जैविक युग में इन यौगिकों के निर्माण में कुछ न कुछ अंश तक अपना योगदान दिया होगा। परन्तु यदि अजैवी पद्धति द्वारा जीवोत्पत्ति के विभिन्न कारकों का, जिनके द्वारा प्रथम जीव उत्पन्न हुआ, एक स्पष्ट चित्र प्राप्त करना है तो यह नितांत आवश्यक है कि विभिन्न कारकों के अन्तर को समझा जाये; वे दशायें जो पृथ्वी पर बहुत अधिक काल तक बनी रहीं तथा वे दशाएं जो एकाएक थोड़े काल के लिये उत्पन्न हुईं—इन दोनों के महत्त्व का अन्तर समझा जाये। बहिर्जैविक अध्ययनों में विश्व में जीवन के ब्रह्मांडोत्पत्ति सम्बन्धी अनुमानों का विशेष महत्त्व है।

इन अध्ययनों में विशेष कठिनाई समय की पुरातनता के कारण है, जबकि संभवतः ऐसी अभिक्रियाओं के द्वारा ऐसे पदार्थों का निर्माण हो रहा था, जिनसे पूर्वतम जीवित पदार्थ बने। अभी भी उस समय में उपस्थित भौतिक—रासायनिक दशाओं के विषय में सही अनुमान लगाना बड़ा कठिन है। पृथ्वी तथा उसके परिवेश की उत्पत्ति के समय से लेकर उस काल तक के लिये जबकि पहले पहले जीवित पदार्थ उत्पन्न हुये, कोई भी बात निश्चित रूप से ऐसी नहीं कही जा सकती, जिसका कोई न कोई वैकल्पिक सुझाव न हो। ऐसी दशा में विज्ञान के एक मौलिक ल्येल-नियम का पालन ही सर्वोत्तम है, जिसका सुझाव उन्होंने अपने भूगर्भीय खोज के सम्बन्ध में दिया था। इस नियम के अनुसार भूकाल को वर्तमान का ही पश्च विस्तार समझना चाहिए, जब तक इसके विरुद्ध विश्वास करने के प्रबल कारण न हों।

अजैवी रीति द्वारा ऐमीनो अम्लों की उत्पत्ति के विषय में सर्वप्रथम प्रेक्षण 1913 में लोएब[1] का मिलता है जिन्होंने फार्मऐल्डीहाइड, अमोनिया तथा जल के मिश्रण में निःशब्द विद्युत विसर्ग प्रवाहित करके ग्लाइ-

सीन तथा एलानीन ऐमीनो अम्लों के निर्माण की सूचना प्रकाशित की। ऐमीनो अम्लों का संश्लेषण, गैसों के मिश्रण में विद्युत विसर्ग प्रवाहित करके[2] तथा कार्बनिक यौगिक, आकार्बनिक उत्प्रेरक से युक्त निर्बीजीकृत जलीय मिश्रणों को प्रकाश में रख कर[3] किया गया है। हैसेलस्ट्राम ने अमोनियम ऐसीटेट के जलीय विलयनों को प्रकाश में रखा तथा गलाइसीन और ऐस्पार्टिक अम्ल[4] के निर्माण का प्रेक्षण किया। ऐमीनो अम्लों तथा जीवविज्ञान सम्बन्धी अन्य यौगिकों का संश्लेषण आइसोसायनेट[5] के उपयोग द्वारा किया गया है; और इसके हेतु अल्ट्रावायलेट किरणों[6] से लेकर एक्स-रे किरणों[7] तक तथा ऊर्जा के अन्य सभी स्रोतों का उपयोग किया गया है।

यदि पूर्वजैविक युग में ऊर्जा के इन विभिन्न स्रोतों की प्राप्ति की संभावना का मूल्यांकन किया जाय, तो जल की उपस्थिति के कारण अल्ट्रावायलेट या अन्य उच्च ऊर्जा युक्त विकिरणों द्वारा पर्याप्त रूप में अजैवी पद्धति द्वारा जैविक यौगिकों के उत्पत्ति की संभावना नहीं रह जाती, क्योंकि पृथ्वी की ओजोन पृष्ठ ने ही उन्हें पृथ्वी के तल तक पहुँचने से रोक दिया होता। पृथ्वी पर जल आदि-काल में ही उत्पन्न हो गया था, अतः इसकी उपस्थिति से उच्च ताप वाले प्रक्रमों की भी संभावना नहीं रहती। जल की उपस्थिति में ऐसे प्रक्रमों की संभावना ज्वालामुखियों के निकट बहुत सीमित क्षेत्र में ही हो सकती है। ऊर्जा के शेष अन्य स्रोत यथा विद्युत विसर्ग आदि आकस्मिक रूप में ही हो सकते हैं। पुरातन पृथ्वी के महासागरों में कार्बनिक अणु तथा अकार्बनिक उत्प्रेरक प्रचुर मात्रा में विद्यमान थे तथा सूर्य का प्रकाश भी पृथ्वी के जन्म काल से ही प्राप्य था। अतः प्रकाश-रासायनिक प्रक्रम ने न केवल ऐमीनो अम्ल वरन पेप्टाइड तथा जीवविज्ञान सम्बन्धी सभी महत्त्वपूर्ण अणुओं के निर्माण में एक प्रमुख योग दिया होगा।

अजैवी पद्धति द्वारा जीवोत्पत्ति में दूसरा महत्त्वपूर्ण चरण पेप्टाइड शृंखला के निर्माण का था। फाक्स[8] ने पेप्टाइड का संश्लेषण ऐमीनो अम्ल के मिश्रण को 180° पर कुछ घंटों तक गरम करके किया। एकाबोरी[9] ने ऐमीनो के जलीय मिश्रणों को अल्ट्रावायलेट प्रकाश में रखकर पेप्टाइडों का संश्लेषण किया। टेरेनिन[10] ने सुझाव दिया कि यदि ठोस वस्तुओं पर अभिकारी अणुओं को अधिशोषित कर लिया जाये, तो कम ऊर्जा द्वारा ही अभिक्रिया सम्पन्न हो जाने की संभावना है। बर्नाल[11] ने पृथ्वी पर कीचड़ में प्राप्त विकिरणों द्वारा पेप्टाइड के निर्माण की सूचना दी।

1958 में बहादुर और रंगनायकी ने[12] उत्प्रेरक के रूप में लौह तथा मालिब्डनम आक्साइड के कोलाइडीय विलयनों में युक्त एमीनो अम्लों के जलीय मिश्रणों में सूर्य के प्रकाश अथवा एक विद्युत बल्ब के कृत्रिम प्रकाश के प्रभाव के द्वारा पेप्टाइडों के निर्माण का प्रेक्षण किया। जलीय मिश्रणों में पेप्टाइडों के प्रकाश-रासायनिक विधि द्वारा निर्माण पर विस्तार से अनुसंधान कार्य किया गया है[12]। पर्ती तथा पाठक ने[13] अकार्बनिक उत्प्रेरकों की उपस्थिति में जलीय मिश्रणों में दृश्य प्रकाश तथा अल्ट्रावायलेट प्रकाश के उपयोग द्वारा पेप्टाइडों का निर्माण का प्रेक्षण किया है। ब्रिग्स[16] ने पेप्टाइड के प्रकाश-रासायनिक उत्पादन के प्रेक्षण की पुष्टि की है। लोव[14] ने जलीय मिश्रणों में, निर्जलीकारक के रूप में हाइड्रोजन सायनाइड के उपयोग के द्वारा पेप्टाइडों के संश्लेषण का प्रेक्षण किया है।

जलीय मिश्रणों में पेप्टाइडों का प्रकाश-रासायनिक उत्पादन बड़ा रोचक है और ऐमीनो अम्ल के प्रकाश-रासायनिक उत्पादन को ध्यान में रखते हुये इसका महत्त्व बहुत बढ़ जाता है, क्योंकि ऐसा संभव है

कि पुरातन काल में महासागरों में पहले ऐमीनो अम्लों का निर्माण हुआ हो और फिर पेप्टाइडों के निर्माण में उनका उपयोग किया गया हो।

अजैवी पद्धति द्वारा प्यूरीन, पिरीमिडीन, एडेनोसिन तथा न्यूक्लियोटाइड के निर्माण का अध्ययन विभिन्न वैज्ञानिकों ने किया है।

इसके बाद का महत्वपूर्ण पद जीवित प्रक्रम के संलक्षणों से युक्त आणविक समूहों के निर्माण का था। यद्यपि एक जीवित प्रणाली की परिभाषाओं में पर्याप्त अन्तर मिलता है, परन्तु यदि एक प्रणाली में वृद्धि, गुणन तथा चयोपचय सक्रियता के गुण उपस्थित हों; जहाँ पर वृद्धि से तात्पर्य प्रणाली के अन्दर से उसी पदार्थ के संश्लेषण द्वारा, जिससे उस प्रणाली का निर्माण हुआ हो, उसके आकार की वृद्धि से है; गुणन का तात्पर्य प्रणाली की संख्या में वृद्धि से है, जिसमें पितृ प्रणाली से नवीन प्रणाली का निर्माण हो; तथा चयोपचय सक्रियता का अर्थ एक सीमा के भीतर घटित अनेकों रासायनिक अभिक्रियाओं से है, जिनके फलस्वरूप प्रणाली में [illegible] करने वाले परिवेशी अणुओं का कम से कम एक अंश उस पदार्थ में परिणत हो जाये, जिसके द्वारा उन इकाइयों का निर्माण हुआ हो और यदि प्रणाली में आकस्मिक तथा परिस्थिति के अनुकूल परिवर्तन करने के भी गुण हों, तो ऐसी प्रणाली को जीवित प्रणाली के अन्तर्गत रखा जा सकता है। यद्यपि उपर्युक्त गुण जीवित तथा अजीवित प्रणालियों के मध्य कोई विभाजन रेखा नहीं खींचते, परन्तु इनमें वे सभी गुण सम्मिलित हैं जो जीवित प्रणालियों के अधिक सन्निकट हैं, तथा इनसे कम गुणों से भी युक्त जीवित प्रणाली संभव है अतः यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि यदि कोई प्रणाली इन सभी गुणों से युक्त हो तो उसे एक जीवित प्रणाली माना जायेगा।

जैविक कोटि के गुणों से युक्त आणविक समूहों के संश्लेषण के कुछ आरम्भिक प्रयत्न सर्वविदित हैं। ओपेरिन[15] ने इस कार्य पर पुनः दृष्टि डाली है। इन प्रयोगों में सरल अकार्बनिक तथा कार्बनिक पदार्थों की अन्योन्य क्रिया द्वारा कोशों की रचना (morphology) को द्विगुणित करने के प्रयत्न किये गये। इन कणों के संदर्भ में ब्रिग्स महोदय[16] लिखते हैं, "इसमें कोई सन्देह नहीं कि इन बहुत से कार्यकर्त्ताओं द्वारा प्राप्त कणों की रचना जीवित कोशों के समरूप है, परन्तु इनमें केवल एक यही सादृश्य है, अन्यथा ये उत्पाद रासायनिक संघटन की दृष्टि से विभिन्न हैं; चयोपचय सक्रियता में अक्रिय हैं; और न बढ़ते हैं, न पुर्नजनन करते हैं। इसके अतिरिक्त इनका निर्माण ऐसे पदार्थों द्वारा तथा ऐसी दशाओं में हुआ है जो संभवतः प्रारम्भिक दशा में पथ्वी पर उपस्थित न थीं।"

कोसर्वेट में एक सीमारेखा दिखाई पड़ती है, और उनका विभाजन विखण्डन के द्वारा होता है। परन्तु अपकेन्द्रण पर उनका आकार नष्ट हो जाता है और उनका कोई निश्चित आकार भी नहीं होता। माइक्रोस्फियर ठोस पदार्थों के बने होते हैं और दबाने पर त्रिज्यानुसार टूट जाते हैं। उनका आकार कुछ घंटों तक ही रहता है, इसके पश्चात् वे मिलकर मिश्रण के तल पर ढेर बना लेते हैं। 1963 तक जबकि "जीवाणु" का कार्य सर्वप्रथम प्रकाशित हुआ, ऐसे प्रेक्षण किये गये कि माइक्रोस्फियर में एक सीमारेखा हो[illegible] है, उनके परिवेशी माध्यम के हाइड्रोजन आयन सान्द्रता में परिवर्तन करने से उनके अवयवी पदार्थ घुल जाते हैं तथा वे द्विअंगी विखण्डन द्वारा विभाजित होते हैं।

इन प्रयोगों में एक कठिनाई यह थी कि यह स्पष्ट न था कि न्यूक्लिइक अम्ल ने, जिसमें द्विगुणन के गुण होते हैं और जो प्रोटीन के अणुओं में ऐमीनो अम्लों के क्रम को नियन्त्रित रखता है, और इस प्रकार सभी जैविक प्रणालियों का एक अनिवार्य यौगिक है, किस प्रकार सर्वप्रथम अपना कार्य प्रारम्भ किया होगा, क्योंकि इसकी सक्रियता के लिये अपेक्षित एन्जाइमों का निर्माण केवल इसकी सक्रियता द्वारा ही संभव हो सका होगा।

इस प्रकार अजैवी पद्धति द्वारा उत्पन्न जैविक आणविक समूहों में द्विगुणन तथा परिस्थिति के अनुकूल अपने को ढालने के गुणों के प्रादुर्भाव का जीवोत्पत्ति के अध्ययन में एक विशेष महत्त्व है। इस पक्ष में कुछ प्रारम्भिक सिद्धान्तों की विवेचना रोचक होगी।

हेन्डरसन अपनी पुस्तक "Fitness of Environment" में लिखता है "बाद में निर्मित सेल प्रणाली पहले से उपस्थित सरल प्रणालियों के जन्मजात गुण प्रदर्शित करती हैं।" वाल्ड[17] लिखता है कि सेल का निर्माण उसके अवयवी पदार्थों के जन्मजात गुणों के कारण हुआ है। 1963 में बहादुर तथा रंगनायकी[18] ने सुझाव रखा कि द्रव्य में द्विगुणन तथा परिस्थिति के अनुकूल परिवर्तन के जन्मजात गुण होते हैं और उपयुक्त दशाओं में द्रव्य की किसी भी प्रणाली में ये गुण दिख सकते हैं। साम्यावास्था में द्रव्य की किसी भी प्रणाली में परिस्थिति के अनुसार ऐसे परिवर्तन करने के जन्मजात गुण होते हैं जिनके द्वारा वह प्रणाली में उत्पन्न विकारों के प्रभाव को नष्ट कर दे। बहादुर[19] के अनुसार क्वाण्टम-यांत्रिकी संस्पन्दन के विशेष स्थायित्व बल तथा ला शतालिये के नियम क्रमशः द्रव्य के द्विगुणन तथा परिस्थितिअनुकूल परिवर्तन के जन्मजात गुणों को ही प्रकट करते हैं। इस प्रकार क्वाण्टम-यांत्रिकी संस्पन्दन के विचार से एक प्रणाली AA एक दूसरी प्रणाली AB की अपेक्षा अधिक स्थायी है जहाँ पर A और A एक ही हैं, और A व B समान हैं परन्तु वही नहीं हैं। इस प्रकार एक प्रणाली में गतिशील साम्यावस्था में जब कि n आणविक संरचनाओं बनने की संभावना हो, जो कि सभी समान ऊष्मागतिकीय स्थिति में हों, जिन्हें समान सक्रियता की ऊर्जा की आवश्यकता हो, यदि उन विभिन्न n सम्भाव्य संश्लेषणीय आणविक संरचनाओं में से एक संरचना A को डाल दिया जाये, तो अन्य सम्भाव्य संरचनाओं की अपेक्षा प्रणाली में A की मात्रा अधिक बनेगी। एक जीवित प्रणाली साम्यावस्था प्राप्त प्रणाली है। यदि "**साम्यावस्था में स्थित प्रणाली**" को "**जीवित प्रणाली**" से प्रतिस्थापित किया जाये तो ल शतालिये के नियम का रूप होगा—"यदि किसी जीवित प्रणाली में कोई विकार उत्पन्न किया जाये तो जीवित प्रणाली में यथासंभव ऐसा परिवर्तन होगा कि उस विकार का प्रभाव अंशतः नष्ट हो जाये।" परन्तु जीवित प्रणालियों में परिस्थितिअनुकूल परिवर्तन की भी ऐसी ही व्याख्या की जा सकती है।

यदि द्रव्य में द्विगुणन और परिस्थितिअनुकूल परिवर्तन के जन्मजात गुण हैं तो फिर यह प्रश्न केवल उपयुक्त दशायें उत्पन्न करने का रह जाता है जब कि द्रव्य की एक प्रणाली में वृद्धि, गुणन तथा चयोपचय सक्रियता के गुण दृष्टिगोचर होंगे। ऐसी प्रणालियाँ बना ली गई हैं; और इनका नाम "जीवाणु" रखा गया है[20]। प्रकाश-रासायनिक क्रम में अवयवी पदार्थों का संश्लेषण प्रकाश-रासायनिक विधि से किया गया है, और फिर उनसे वृद्धि, गुणन तथा चयोपचय सक्रियता के गुणों से युक्त जीवाणु प्रकाश के प्रभाव[21] द्वारा निर्मित किये गये हैं। जीवाणु के निर्माण के हेतु ऊष्मा विधि द्वारा निर्मित पेप्टाइड का भी व्यवहार किया गया है[22]।

जीवाणुओं का निर्माण प्रोटीन रहित द्रव्यों से भी किया गया है[22]। इनमें ताम्र, मालिब्डेनम, कार्बन, हाइड्रोजन, आक्सीजन, नाइट्रोजन और जैविक खनिज होते हैं, परन्तु प्रोटीन नहीं होता। संघटन में यह मुख्यतः अकार्बनिक होते हैं; और इनमें लगभग 8% राख का अंश होता है[23,19]। जीवाणुओं की आंतरिक संरचना के फोटोमाइक्रोग्राफ भी लिये गये प्रकार हैं।[23]

ब्रिग्स[16] ने प्रकाश-रासायनिक विधि द्वारा जीवाणुओं के निर्माण की पुष्टि की है। हाल में फाक्स ने ऊष्मीय पेप्टाइड से बने अपने माइक्रोस्फियर कणों में वृद्धि, गुणन तथा चयोपचय सक्रियता के गुण पाये हैं जिसकी सूचना 1965 में आणविक विकास इन्स्टीच्यूट, मियामी यूनिवर्सिटी, मियामी, यू० एस० ए० के विज्ञप्ति संख्या 050 में छपी है, और जिनका निर्माण ऊष्मीय पेप्टाइड से जीवाणु बनाने की विधि से विभिन्न विधियों द्वारा किया गया है। ऊष्मीय पेप्टाइड से 1963 में निर्मित जीवाणु तथा 1965 में प्रकाशित माइक्रोस्फियर का तुलनात्मक अध्ययन निम्न है:

सारणी 1

ऊष्मीय पेप्टाइड -अमोनियम मालिब्डेट संकर से 1963 में निर्मित जीवाणु[18,22] और 1963-65 के मध्य अनुसंधानित तथा 1965[24] में प्रकाशित ऊष्मीय पेप्टाइड से निर्मित माइक्रोस्फियर के गुणों की समानतायें:

ऊष्मीय पेप्टाइड-अमोनियम माल्बिडेट संकर से निर्मित और 1963 में प्रकाशित जीवाणुओं पर प्रेक्षण[18]	1963 और उससे आगे ऊष्मीय पेप्टाइड से निर्मित, 1965 में प्रकाशित[24] माइक्रोस्फियर पर प्रेक्षण
(1) वृद्धि, तथा बडिंग (Budding) के द्वारा गुणन के प्रयोगों की सूचना प्रकाशित की गई। जीवाणु बडिंग प्रक्रिया के द्वारा संख्या में वृद्धि करते हैं, और वृद्धि प्रदर्शित करते हैं।	उपर्युक्त रिपोर्ट की साइक्लोस्टाइल प्रतिलिपि के पृष्ठ 10 पर थोड़े-थोड़े समय के अन्तर से लिये फोटो-माइक्रोग्राफ में नई कलियों का निकलना प्रदर्शित है। पृष्ठ 12 पर एक नई फूटती हुई कली, तथा उसके आकार में वृद्धि के थोड़े थोड़े समय के अन्तर पर लिये फोटोमाइक्रोग्राफ प्रदर्शित हैं। उपर्युक्त पत्र के पृष्ठ 13-14 पर गतिशीलता प्रदर्शित करते हुए फोटो-माइक्रोग्राफ हैं।
(2) इस बात की सूचना दी गई है कि जीवाणु में लाक्षणिक गतिशीलता होती है।	.....
(3) जीवाणु के शरीर तथा जीवाणु के परिवेशी माध्यम में उपस्थित पेप्टाइड के ऐमीनो अम्ल का सांख्यिकी विवरण दिया गया है।	उपर्युक्त पत्र के पृष्ठ 8 पर माइक्रोस्फियर तथा उनकी सीमारेखा के पेप्टाइडों के ऐमीनो अम्ल का अन्तर अंकित है।
(4) जीवाणु में चक्रीय गति होने की सूचना दी गई है।	कणों के घूमने की सूचना दी गई है।

ऊष्मीय पेप्टाइड-अमोनियम मालिब्डेट संकर से निर्मित और 1963 में प्रकाशित जीवाणुओं पर प्रेक्षण	1963 और उससे आगे ऊष्मीय पेप्टाइड से निर्मित, 1965 में प्रकाशित[24] माइक्रोस्फियर पर प्रेक्षण
(5) द्रव्य में द्विगुणन तथा परिस्थितिनुकूल परिवर्तन के जन्मजात गुणों के होने का सुझाव दिया गया। अतः वृद्धि, गुणन और चयोपचय सक्रियता के गुणों से युक्त कणों का निर्माण संभव है।	पृष्ठ 15 पर यह अंकित है "ऐसी घटनाएँ 1954 में जार्ज वोल्ड की भविष्यवाणी के अनुसार हैं कि सेल की उत्पत्ति का कारण उसके अवयवी द्रव्य के आन्तरिक गुणों को माना जा सकता है।"
(6) रचना की दृष्टि से जीवाणु "संगठित इकाइयों" के समरूप हैं।	पृष्ठ 3 पर माइक्रोस्फियर तथा "संगठित इकाइयों" की रचना की समानता का सुझाव दिया गया है।

जीवाणु तथा माइक्रोस्फियर में कुछ मौलिक भेद भी हैं। ये अन्तर निम्नांकित सारणी में अंकित हैं :—

सारणी 2

जीवाणु तथा माइक्रोस्फियर में अन्तर

जीवाणु	माइक्रोस्फियर
(1) जीवाणु विभिन्न प्रकार के कार्बनिक तथा अकार्बनिक पदार्थों से बनाये गये हैं। जीवाणु का निर्माण ऊष्मीय पेप्टाइड अमोनियम मालिब्डेट संकर से भी किया गया है।	(1) माइक्रोस्फियर केवल ऊष्मीय पेप्टाइड से बनाये गये हैं।
(2) वृद्धि, गुणन, तथा चयोपचय सक्रियता, ये सभी गुण उसी परिवेशी माध्यम में बिना किसी अन्य रसायन के प्रयोग के जिससे कि उसके विशिष्ट गुणों में अन्तर पड़े, देखे गये हैं।	(2) पृथकीकरण मैग्नीशियम क्लोराइड मिलाने पर, तथा गतिशीलता *TAP* मिलाने पर दिखाई पड़ती है।
(3) अन्तरिक पदार्थ श्यान रहता है।	(3) आन्तरिक पदार्थ ठोस एवं भंगुर है।
(4) ये अपने आकार को सर्वदा बनाये रखते हैं।	(4) 24 से 48 घंटों के पश्चात् सब एक में मिल जाते हैं।
(5) जीवाणु में आकस्मिक तथा परिस्थिति के अनुकूल परिवर्तन करने के गुण होते हैं और वे विकास में समर्थ हैं। इस प्रकार इनमें जीवित प्रणाली के अन्तर्गत वर्गीकृत किये जाने के सभी आवश्यक गुण पाये जाते हैं।	(5) माइक्रोस्फियर कृत्रिम, अजीवित पदार्थ हैं।

इस प्रकार सिवा इसके कि जीवाणु के एक प्रकार तथा माइक्रोस्फियर दोनों के निर्माण के लिए उन्हीं ऊष्मीय पेप्टाइडों का उपयोग किया गया है, दोनों प्रकार के कणों में कई मौलिक भेद हैं।

बहादुर के अनुसार जीवाणु जिनमें वृद्धि, गुणन तथा चयोपचय सक्रियता के गुण बिना किसी बाहरी रसायन की सहायता के होते हैं, और सूक्ष्म जीवों के अनुसार जिनका कल्चर बनाया जा सकता है, तथा जिनमें आकस्मिक परिवर्तनशीलता के गुण होते हैं, संभवतः पहली जीवित प्रणाली थी, और कोशीय जीवों के पूर्वज थे। माइक्रोस्फियर के सम्बन्ध में टिप्पणी देते हुये उपर्युक्त रिपोर्ट के पृष्ठ 15 पर फाक्स महोदय लिखते हैं :

"स्वभावतः जीवन की परिभाषा प्रस्तुत करने की कठिनाई को अधिक विस्तार से इस आधार पर समझा जा सकता है कि जीवन के विभिन्न गुणों को क्रमशः एक एक करके प्रस्तावित प्रतिरूप के अनुसार एक सरल निर्जीव प्रणाली में सफलता से उत्पन्न किया जा सकता है।

"मेरी प्रयोगशाला की अन्य खोजों से, जिनका वर्णन यहाँ नहीं किया गया है, ऐसी घटनाओं पर प्रकाश पड़ता है जिनसे जीवित प्रक्रमों वाले गुण उत्पन्न हो जाते हैं। यह देखने में जटिल इकाइयाँ तथा प्रक्रम प्राकृतिक प्रयोगों के समान सरलता से सम्पन्न हो जाते हैं। उत्पाद मुख्यतः कृत्रिम रूप के ही हैं; यद्यपि वे मनुष्य के हाथों निर्मित हैं; परन्तु उनके उत्पादन का ढंग भूगर्भशास्त्रीय ढंग के अनुसार है।"

माइक्रोस्फियर के सम्बन्ध में यह एक ठीक कथन प्रतीत होता है क्यों कि जीवित प्रणालियों में दिखाई पड़ने वाले विभिन्न गुण इन कृत्रिम कणों में भी उपयुक्त भौतिक-रासायनिक दशायें उत्पन्न करके देखे जा सकते हैं। इस प्रकार वर्षा के पानी की एक बूंद आकाश से गिरते समय असंख्य सूक्ष्म बिन्दुओं में विभाजित हो जाती है, परन्तु इसे जैविक अर्थ में गुणन नहीं कहा जा सकता। जेल का कण जलयोजन के द्वारा फूल जाता है, परन्तु यह जैविक वृद्धि नहीं है; एक सीमा के भीतर अनेक रासायनिक अभिक्रियाएँ हो सकती हैं, परन्तु इन्हें चयोपचय सक्रियता नहीं कहा जा सकता। जहाँ तक इस प्रकार के जैविक गुण किसी प्रणाली में इक्का-दुक्का दिखाई पड़ते हैं, और वह भी जब प्रणाली के परिवेशी माध्यम में कोई भौतिक रासायनिक परिवर्तन कृत्रिम रूप से कर दिया जाता है; इन गुणों का जैविक गुणों से कोई सम्बन्ध नहीं है। बहुत से कृत्रिम कणों में एक रचना भी दिखाई पड़ती है।

परन्तु यदि (*i*) कोई पलिघ एक परिवेशी माध्यम में, माध्यम के अणुओं से उस पदार्थ का संश्लेषण करके बढ़ता है, जिससे वह स्वयं निर्मित है, (*ii*) और एक विशिष्ट आकार को प्राप्त करने के बाद गुणन करता है, जिससे प्रणालियों की संख्या में वृद्धि एक ऐसे प्रक्रम के द्वारा होती है, जिसमें पितृ प्रणाली से ही बिना किसी बाह्य रसायन की सहायता से नवीन प्रणालियों का निर्माण होता है, (*iii*) यदि प्रणाली के अन्दर एक क्रम से ऐसे अनेक रासायनिक अभिक्रियाएँ होती हैं जिनके फलस्वरूप वातावरण के अणु प्रणाली में प्रवेश करके प्रणाली के अवयवी पदार्थ का संश्लेषण करते हैं, और ऊर्जा की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं, (*iv*) यदि सूक्ष्म जीवाणुओं के समान विशिष्ट परिवेशी माध्यम में उनके कल्चर उगाये जा सकते हैं, (*v*) यदि इन प्रणालियों में आकस्मिक और परिस्थितिअनुकूल परिवर्तन दिखाई पड़े, और इस प्रकार विकास की क्षमता हो, तो ऐसी प्रणाली को एक जीवित प्रणाली मानना पड़ेगा, चाहे जीवन की कोई भी परिभाषा दी जाये या एक जीवित प्रणाली में कुछ भी मौलिक गुण माने जायें। जीवाणु में यह सभी गुण पाये जाते हैं। अन्ततः जैसा मौरिसन[25]

ने बल दिया था, जीवन किसी न किसी प्रकार के कृत्रिम कण से उत्पन्न हुआ होगा, और इस सम्बन्ध में यह महत्वपूर्ण प्रश्न केवल यह है कि वह कौन सा कृत्रिम कण था और वह किस प्रकार उत्पन्न हुआ। जीवाणु का संश्लेषण इस प्रश्न का उत्तर देता है। प्रकाश-रासायनिक विधि द्वारा जीवाणु के निर्माण के कार्य की पुष्टि अभी हाल में ब्रिग्स[16] ने की है।

ऐसा प्रतीत होता है कि वृद्धि, गुणन, चयोपचय सक्रियता के गुण कई कणों में दिखाई पड़ सकते हैं। गुम्पर्ट[26] ने चयोपचय सक्रियता के गुणों से युक्त इकाइयों में वृद्धि तथा गुणन के गुण एक नितान्त भिन्न वातावरण में देखे हैं। वे लिखते हैं,

"मैं एक सूक्ष्मजैविकी वैज्ञानिक हूँ और बैक्टीरिया के *L* रूपों, तथा *PPLO* पर कार्य करता हूँ, जो कि ऐसे सूक्ष्मजीव हैं जिनमें कोई कोशीय दीवार नहीं होती, और संरचना बहुत सरल होती है।

मुझे आपके कार्यक्षेत्र में बड़ी रुचि है, प्रथमतः केवल सैद्धांतिक रूप से, क्योंकि जीवन के उत्पत्ति की समस्या का सूक्ष्म जैविकी वैज्ञानिकों के लिये भी बहुत महत्व है। प्रथम जीव बैक्टीरिया के ही समान रहे होंगे। इसके विपरीत हम लोगों ने एक ऐसी समस्या का अध्ययन किया है जो बहुत समान प्रतीत होती है। सरिम के साथ जीवाणुओं के माध्यम में, जैसा कि उनका उपयोग *PPLO* और *L*-प्रकार के जीवाणु के कल्चर उगाने में किया जाता है, तथा औषधि में प्रयुक्त सरिम के संचय में, गोलाकार इकाइयाँ बन जाती हैं जिन्हें फेज-कन्ट्रैक्ट सूक्ष्मदर्शी के द्वारा *L*-प्रकार तथा *PPLO* जीवाणुओं से अलग नहीं पहचाना जा सकता। ये इकाइयाँ कली बनाकर बढ़ती हैं, इनमें चयोपचय सक्रियता के गुण भी होते हैं, परन्तु ये पृथ्वी पर पाये जाने वाले जीव नहीं हैं। इस संदर्भ में आपके प्रयोगफलों में मुझे बड़ी रुचि हो गई है।"

जैविक प्रकार की वृद्धि, गुणन तथा चयोपचय सक्रियता उत्पन्न करने वाली आणविक क्रियाविधि का सुझाव दिया गया है[19]। अभी हाल में गैबेल[27] ने वृद्धि तथा गुणन के लिये बहुलक अणुओं के समान पालीफास्फेट ढाँचे पर एक संभाव्य क्रियाविधि का सुझाव दिया है। क्या इस प्रकार की वृद्धि, गुणन तथा चयोपचय सक्रियता की तुलना जैविक प्रणालियों में पाये जाने वाले इन गुणों से की जा सकती है, इस बात की चर्चा ऊपर की गई है, और बहादुर[19] ने इस पर विस्तार से विवेचना की है। आवश्यक गुणों के इस वर्णन में, जिनके आधार पर किसी प्रणाली को जीवित पदार्थों में वर्गीकृत किया जा सकता है, परिवर्तनशीलता का उल्लेख नहीं किया गया है, क्योंकि परिवर्तनशीलता को साम्यावस्था में स्थित सभी प्रणालियों का जन्मजात गुण माना जाता है, और एक जीवित प्रणाली गतिशील साम्यावस्था में स्थित प्रणाली है। जीवाणु में आकस्मिक परिवर्तन, वे शीघ्र परिवर्तन जिनसे उनकी रचना तथा रूप में विशेष अन्तर आ जाता है, तथा परिस्थितिनुकूल परिवर्तन, जो वातावरण में थोड़े थोड़े परिवर्तन के साथ धीरे धीरे होते हैं, दोनों दिखाई पड़ते हैं। इस प्रकार जीवाणु को अपने कार्बन के भोजन के लिये उन कार्बनिक पदार्थों का उपयोग करना सिखा दिया गया है, जिन्हें कि वह प्रारम्भ में प्रयोग करते थे[23]। उनके विशिष्ट माध्यम में कल्चर भी उगाये जा सकते हैं[21,22]। इस प्रकार यद्यपि जीवों और अजीवों के मध्य कोई विभाजन रेखा खींचने का प्रयत्न नहीं किया गया है, परन्तु जीवणु में जैविक प्रणालियों के मान्य गुण प्रदर्शित किये गये हैं, अर्थात् वे बढ़ते हैं, कली बन कर गुणन करते हैं, उनमें चयोपचय सक्रियता होती है, वे आकस्मिक तथा परिस्थितिनुकूल परिवर्तन दिखाते हैं, उनके कल्चर बनाये जा सकते हैं और इस प्रकार विकास करने में समर्थ हैं।

निर्देश

1. लोएब, डब्लू० । — बरडश० केमि० गेस, 1913, **46,** 690 ।

2. मिलर, एस० । — साइन्स, 1953, **117,** 528 ।

3. बहादुर, के० । — नेचर, 1954, **173,** 1114 ।

बहादुर, के० तथा रंगनायकी, एस० । — कैम्प० रेन्ड० पेरिस, 1955, **240**, 246-8; प्रोसी० नेश० एकैड० साइं० इंडिया, 1954, **23A,** 21; जर्न० एकैड० साइं० यू० एस० एस० आर०, 1957, **6,** 754; जर्न० जन० केमि० यू० एस० एस० आर०,1963, **33** ।

बहादुर, के०, रंगनायकी, एस०, तथा सांतामेरिया, एल० । — नेचर, 1958, **182,** 1668 ।

बहादुर, के० तथा श्रीवास्तव, आर० बी० । — जर्न० एकैड० साइं० यू० एस० एस० आर०, 1962, **9,** 1608-11;

इज्व०, एन० एन० । यु० एस० एस० आर० । आप्ट किमि० एन०, 1963, **6,** 1070-74 ।

जुर्न० आब्जर्व० किमी०, 1961, **31,**(XCIII) 317-20

विज्ञान परि० अनु० पत्रिका, 1962, **5,** 57-59 ।

बहादुर के० तथा अग्रवाल के० एम० एल० । — प्रोसी० नेश० एकै० साइं० इंडिया, 1962, **32A,** 83; जर्न० इण्ड० रिस० इंडिया, 1962, **21B,** (**7**), 335-37 ।

4. हैसेलस्ट्राम, टी०, हेनरी, एम० सी०, तथा मुर, बी० । — साइंस, 1957, **125,** 350 ।

5. ओरो, जे० । — एन्न० न्यूयार्क एके० साइं०, 1963, **108,** 464; आर्क० बायोकेमि० बायोफिज०, 1961, **94,** 217-227; 1962, **96,** 292-313 ।

6. ग्राथ, डब्लू० तथा वेसेन्ट्राफ, एच० वी० । — नेचरविशेनशाफटेन, 1957, 510 ।

7. डोस, के० तथा बैजेस्की, बी० । **बायोकेम० ए बायोफिज० एक्टा,** 1957, **25,** 225 ।

8. फाक्स, एस० डब्लू०, हर्डी के०, तथा वेगास्की, ए० । **एक्सपीरिन्शिया,** 1959, **15,** 81 ।

9. एकाबोरी, एस० । **प्रोसी० फर्स्ट इन्टरनेशनल सिम्पोजियम,** "The Origin of Life on the Earth", **मास्को,** 1957, **पर्गमान प्रेस,** 1959, 169-195 ।

10. टेरेनिन, ए० एन० । **माइक्रोकेमि० ऐक्टा,** 1955, **2-3,** 467; Symposium, Problem of Kinetics and Catalysis, XIII, Ed., **एकैड० साइं० यू० एस० ए० आर०,** 1955, 27-30 ।

11. बर्नाल, जे० डी० । **ओसेनोग्राफी, अमे० एसो० आफ एडवान्स० साइं०'** 1961, 95-118 ।

12. बहादुर, के० तथा रंगनायकी, एस० । **इज्वेस्तिया एकै० नाउक यू० एस० एस० आर०,** 1958, **11,** 1361-69 ।
प्रोसी० नेश० एकै० साइ० इंडिया, 1958, **27A,** 292-95 ।

बहादुर के० तथा श्रीवास्तव, आर० बी० । **इंड० जर्न० एप्ला० केमि०,** 1960, **23** (3), 131-34 ।

बहादुर, के० तथा पांडे, आर० एस० । **जर्न० इंड० केमि० सोसा०,** 1950, **42** (2), 75-85 ।

13. पर्ती, ओ० एन०, बहादुर, के०, तथा पाठक, एच० डी० । **प्रोसी० नेश० एकै० साइं० इंडिया,** 1961, 30A, 206-20 ; **इंडि० जर्न० एप्ला० केमि०,** 1961, **25,** 90-96; **बायो० केमि० जर्न० यू० एस० एस० आर०** 1962, **27,** 708-714 ।

14. लोव, सी० वी०, रीज़, एम० डब्लू०, तथा मार्खम, आर० । **नेचर,** 1963, **199,** 219-222 ।

15. ओपेरिन, ए० आई० । "Origin of Life on the Eearth" **एकैडमिक प्रेस,** 1957 ।

16. ब्रिग्स, एम० एच०। — **स्पेस फ्लाइट**, 1965, **7**(4), 129-131।

17. वाल्ड, जी०। — **साइंटिफिक अमैरिकन**, 1954, 44-53; **एन्न० न्यूयार्क एकैं० साइं०**, 1957, **69**, 352-368।

18. बहादुर, के० एवं अन्य। — **विज्ञान परिषद अनु० पत्रिका**, 1963, **6**, 63।

19. बहादुर, के०। — **जेन्ट० बैक्ट०**, 1964, **118** (2), 671-694।

20. जार्डन, पी०। — **फिज० जर्न०** 1938, **39**, 711; **जर्न० फिज०**, 1939, **113**, 431; **फन्डा० रेडियोला०** 1939, **5**, 43; **जर्न० इम्यून० फार्ख०**, 1940, **97**, 380।

21. बहादुर, के० एवं अन्य। — **जेन्ट० बैक्ट०**, 1964, **117**, 567-584।

22. बहादुर, के०। — **वही**, 1964, **117**, 585-602।

23. बहादुर, के०। — "Synthesis of Jeewanu, the Proto cells", **राम नारायण लाल बेनी प्रसाद पब्लिशर्स, इलाहाबाद, इंडिया**, 1966।

24. फाक्स, एस० डब्लू० एवं अन्य। — Contribution No. 050 of the Institute of Molecular Evolution, **मियामी यूनि०, यू० एस०, ए०** 1965।

25. मैरीसन, पी०। — **साइंस**, 1962, **135**, 663-64।

26. गुम्पर्ट, जे०। — **व्यक्तिगत पत्र व्यवहार**, 1965।

27. गेबेल, एन० डब्लू०। — Life Sciences, **पर्गमान प्रेस लि०**, Vol. 4, 1965, 2085-2095।

विज्ञान परिषद् अनुसन्धान पत्रिका
1966, 9, 171-182

VIJNANA PARISHAD
ANUSANDHAN PATRIKA
1966, 9, 171-182

जीवाणु (जैविक कोटि के गुणों से युक्त आणविक समूह) का निर्माण

कृष्ण बहादुर तथा एस० रंगनायकी

रसायन विभाग, प्रयाग विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

[प्राप्त—सितम्बर 24, 1966]

सारांश

जीवन की उत्पत्ति के विषय में अजैविक उत्पत्ति सिद्धान्त की विवेचना की गई है तथा जलीय मिश्रणों में कोलाइडी अवस्था में अधिक पृष्ठीय क्षेत्रफल से युक्त अकार्बनिक उत्प्रेरकों की उपस्थिति में होने वाली प्रकाश-रासायनिक अभिक्रियाओं के महत्त्व पर बल दिया गया है। इन मिश्रणों में ऐमीनो अम्ल और पेप्टाइड बनते हैं। यह सुझाव दिया गया है कि द्रव्य में द्विगुणित होने तथा परिस्थिति के अनुसार अपने को ढाल लेने के जन्मजात गुण होते हैं और उचित दशाओं में ये ऐसे आणविक समूहों के निर्माण में सहायक होते हैं जिनमें वृद्धि, गुणन तथा चयोपचय सक्रियता के गुण होते हैं। ऐसे आणविक समूह विभिन्न प्रक्रमों के द्वारा संश्लेषित किये गये हैं। इन्हें "जीवाणु" की संज्ञा दी गई है। जीवाणु अपने परिवेशी माध्यम से भोज्य पदार्थ का उपयोग करके बढ़ते हैं तथा एक विशिष्ट आकार को प्राप्त करने के बाद **कली बना बना कर** (Budding) अपनी संख्या में वृद्धि करते हैं। उनमें आकस्मिक तथा परिस्थिति के अनुसार परिवर्तन भी दिखाई पड़ते हैं तथा उनमें विकास की भी क्षमता पाई जाती है। जीवाणुओं को उनके विशिष्ट माध्यम (कल्चर) में उत्पन्न भी किया जा सकता है। इसी प्रकार जीवाणु में एक जीवित पदार्थ के सभी आवश्यक गुण पाये जाते हैं, परन्तु इसका संश्लेषण अजीवित पदार्थ से किया गया है। जीवाणु का संश्लेषण प्राकृतिक दशाओं में हो सकता है, और संभवतः कोशीय जीवन के पूर्व जीवाणुओं हो का निर्माण हुआ होगा। अभी हाल में फाक्स ने माइक्रोस्फियर में एक एक करके वृद्धि, गुणन तथा चयोपचय सक्रियता के गुणों के प्रमाण दिये है।

Abstract

Formation of Jeewanu, the molecular association wih properties of biological order. *By* K. Bahadur and S. Ranganayaki, Department of Chemistry, University of Allahabad.

The abiogenic approach to the problem of origin of life has been discussed and the importance of the photochemical reactions taking place in aqueous mixtures, having inorganic catalysts with large surface areas as in colloidal conditions is stressed. Amino acids and peptides are formed in these mixtures. It has been suggested that matter has

inherent properties of duplication and adaptability and under suitable conditions these help in the formation of molecular associations with properties of growth, multiplication and metabolic activity. Such molecular associations have been synthesised by several processes. These have been named as JEEWANU. Jeewanu grow by utilising the nutrition from the environmental medium, after reaching a specific size they multiply by budding, they show mutational and adaptive changes and are capable of evolution. Jeewanu can be subcultured in their specific media. Jeewanu satisfy all the essentials for a living system but have been synthesised from non-living materials. Jeewanu can be synthesised under natural conditions and were thus, in all probability, the immediate precursors of cellular life. Recently Fox has produced the evidence of growth, multiplication and metabolic activity singly in microspheres.

जीवन की उत्पत्ति के विषय में आणविक विकास के प्रक्रम के द्वारा जीवोत्पति के आधुनिक सिद्धान्त का इतिहास बड़ा प्रभावशाली रहा है। जैविक कोटि के यौगिकों के अजैवी पद्धति द्वारा निर्माण, स्वयं द्विगुणित होती कलाओं के अध्ययन, तथा जैविक कोटि के गुणों से युक्त आणविक समूहों की खोज में पर्याप्त संतोषजनक प्रगति हुई है। अजीवित पदार्थों से जीवोत्पत्ति का प्रथम चरण उन प्राकृतिक प्रक्रमों की खोज था, जिनके द्वारा जीवशास्त्र सम्बन्धी यौगिकों-जैसे ऐमीनो अम्ल, पेप्टाइड, प्यूरीन और पिरीमिडीन आदि का निर्माण हो सके। इन यौगिकों की अजैवी पद्धति द्वारा संश्लेषण के विभिन्न प्रक्रमों की खोज की गई। इन सभी प्रक्रमों ने जिनका उपयोग इन संश्लेषणों के हेतु किया गया है, संभवतः पूर्व जैविक युग में इन यौगिकों के निर्माण में कुछ न कुछ अंश तक अपना योगदान दिया होगा। परन्तु यदि अजैवी पद्धति द्वारा जीवोत्पत्ति के विभिन्न कारकों का, जिनके द्वारा प्रथम जीव उत्पन्न हुआ, एक स्पष्ट चित्र प्राप्त करना है तो यह नितांत आवश्यक है कि विभिन्न कारकों के अन्तर को समझा जाये; वे दशायें जो पृथ्वी पर बहुत अधिक काल तक बनी रहीं तथा वे दशाएं जो एकाएक थोड़े काल के लिये उत्पन्न हुईं—इन दोनों के महत्त्व का अन्तर समझा जाये। बहिर्जैविक अध्ययनों में विश्व में जीवन के ब्रह्मांडोत्पत्ति सम्बन्धी अनुमानों का विशेष महत्त्व है।

इन अध्ययनों में विशेष कठिनाई समय की पुरातनता के कारण है, जबकि संभवतः ऐसी अभिक्रियाओं के द्वारा ऐसे पदार्थों का निर्माण हो रहा था, जिनसे पूर्वतम जीवित पदार्थ बने। अभी भी उस समय में उपस्थित भौतिक—रासायनिक दशाओं के विषय में सही अनुमान लगाना बड़ा कठिन है। पृथ्वी तथा उसके परिवेश की उत्पत्ति के समय से लेकर उस काल तक के लिये जबकि पहले पहले जीवित पदार्थ उत्पन्न हुये, कोई भी बात निश्चित रूप से ऐसी नहीं कही जा सकती, जिसका कोई न कोई वैकल्पिक सुझाव न हो। ऐसी दशा में विज्ञान के एक मौलिक ल्येल-नियम का पालन ही सर्वोत्तम है, जिसका सुझाव उन्होंने अपने भूगर्भीय खोज के सम्बन्ध में दिया था। इस नियम के अनुसार भूकाल को वर्तमान का ही पश्च विस्तार समझना चाहिए, जब तक इसके विरुद्ध विश्वास करने के प्रबल कारण न हों।

अजैवी रीति द्वारा ऐमीनो अम्लों की उत्पत्ति के विषय में सर्वप्रथम प्रेक्षण 1913 में लोएब[1] का मिलता है जिन्होंने फार्मऐल्डीहाइड, अमोनिया तथा जल के मिश्रण में निःशब्द विद्युत विसर्ग प्रवाहित करके ग्लाइ-

सीन तथा एलानीन ऐमीनो अम्लों के निर्माण की सूचना प्रकाशित की। ऐमीनो अम्लों का संश्लेषण, गैसों के मिश्रण में विद्युत विसर्ग प्रवाहित करके[2] तथा कार्बनिक यौगिक, आकार्बनिक उत्प्रेरक से युक्त निर्बीजीकृत जलीय मिश्रणों को प्रकाश में रख कर[3] किया गया है। हैसेलस्ट्राम ने अमोनियम ऐसीटेट के जलीय विलयनों को प्रकाश में रखा तथा गलाइसीन और ऐस्पार्टिक अम्ल[4] के निर्माण का प्रेक्षण किया। ऐमीनो अम्लों तथा जीवविज्ञान सम्बन्धी अन्य यौगिकों का संश्लेषण आइसोसायनेट[5] के उपयोग द्वारा किया गया है; और इसके हेतु अल्ट्रावायलेट किरणों[6] से लेकर एक्स-रे किरणों[7] तक तथा ऊर्जा के अन्य सभी स्रोतों का उपयोग किया गया है।

यदि पूर्वजैविक युग में ऊर्जा के इन विभिन्न स्रोतों की प्राप्ति की संभावना का मूल्यांकन किया जाय, तो जल की उपस्थिति के कारण अल्ट्रावायलेट या अन्य उच्च ऊर्जा युक्त विकिरणों द्वारा पर्याप्त रूप में अजैवी पद्धति द्वारा जैविक यौगिकों के उत्पत्ति की संभावना नहीं रह जाती, क्योंकि पृथ्वी की ओजोन पृष्ठ ने शीघ्र ही उन्हें पृथ्वी के तल तक पहुँचने से रोक दिया होता। पृथ्वी पर जल आदि-काल में ही उत्पन्न हो गया था, अतः इसकी उपस्थिति से उच्च ताप वाले प्रक्रमों की भी संभावना नहीं रहती। जल की उपस्थिति में ऐसे प्रक्रमों की संभावना ज्वालामुखियों के निकट बहुत सीमित क्षेत्र में ही हो सकती है। ऊर्जा के शेष अन्य स्रोत यथा विद्युत विसर्ग आदि आकस्मिक रूप में ही हो सकते हैं। पुरातन पृथ्वी के महासागरों में कार्बनिक अणु तथा अकार्बनिक उत्प्रेरक प्रचुर मात्रा में विद्यमान थे तथा सूर्य का प्रकाश भी पृथ्वी के जन्म काल से ही प्राप्य था। अतः प्रकाश-रासायनिक प्रक्रम ने न केवल ऐमीनो अम्ल वरन पेप्टाइड तथा जीवविज्ञान सम्बन्धी सभी महत्त्वपूर्ण अणुओं के निर्माण में एक प्रमुख योग दिया होगा।

अजैवी पद्धति द्वारा जीवोत्पत्ति में दूसरा महत्त्वपूर्ण चरण पेप्टाइड शृंखला के निर्माण का था। फाक्स[8] ने पेप्टाइड का संश्लेषण ऐमीनो अम्ल के मिश्रण को 180° पर कुछ घंटों तक गरम करके किया। एकाबोरी[9] ने ऐमीनो के जलीय मिश्रणों को अल्ट्रावायलेट प्रकाश में रखकर पेप्टाइडों का संश्लेषण किया। टेरेनिन[10] ने सुझाव दिया कि यदि ठोस वस्तुओं पर अभिकारी अणुओं को अधिशोषित कर लिया जाये, तो कम ऊर्जा द्वारा ही अभिक्रिया सम्पन्न हो जाने की संभावना है। बर्नाल[11] ने पृथ्वी पर कीचड़ में प्राप्त विकिरणों द्वारा पेप्टाइड के निर्माण की सूचना दी।

1958 में बहादुर और रंगनायकी ने[12] उत्प्रेरक के रूप में लौह तथा मालिब्डनम आक्साइड के कोलाइडीय विलयनों में युक्त एमीनो अम्लों के जलीय मिश्रणों में सूर्य के प्रकाश अथवा एक विद्युत बल्ब के कृत्रिम प्रकाश के प्रभाव के द्वारा पेप्टाइडों के निर्माण का प्रेक्षण किया। जलीय मिश्रणों में पेप्टाइडों के प्रकाश-रासायनिक विधि द्वारा निर्माण पर विस्तार से अनुसंधान कार्य किया गया है[12]। पर्ती तथा पाठक ने[13] अकार्बनिक उत्प्रेरकों की उपस्थिति में जलीय मिश्रणों में दृश्य प्रकाश तथा अल्ट्रावायलेट प्रकाश के उपयोग द्वारा पेप्टाइडों का निर्माण का प्रेक्षण किया है। ब्रिग्स[16] ने पेप्टाइड के प्रकाश-रासायनिक उत्पादन के प्रेक्षण की पुष्टि की है। लोव[14] ने जलीय मिश्रणों में, निर्जलीकारक के रूप में हाइड्रोजन सायनाइड के उपयोग के द्वारा पेप्टाइडों के संश्लेषण का प्रेक्षण किया है।

जलीय मिश्रणों में पेप्टाइडों का प्रकाश-रासायनिक उत्पादन बड़ा रोचक है और ऐमीनो अम्ल के प्रकाश-रासायनिक उत्पादन को ध्यान में रखते हुये इसका महत्त्व बहुत बढ़ जाता है, क्योंकि ऐसा संभव है

कि पुरातन काल में महासागरों में पहले ऐमीनो अम्लों का निर्माण हुआ हो और फिर पेप्टाइडों के निर्माण में उनका उपयोग किया गया हो।

अजैवी पद्धति द्वारा प्यूरीन, पिरीमिडीन, एडेनोसिन तथा न्यूक्लियोटाइड के निर्माण का अध्ययन विभिन्न वैज्ञानिकों ने किया है।

इसके बाद का महत्त्वपूर्ण पद जीवित प्रक्रम के संलक्षणों से युक्त आणविक समूहों के निर्माण का था। यद्यपि एक जीवित प्रणाली की परिभाषाओं में पर्याप्त अन्तर मिलता है, परन्तु यदि एक प्रणाली में वृद्धि, गुणन तथा चयोपचय सक्रियता के गुण उपस्थित हों; जहाँ पर वृद्धि से तात्पर्य प्रणाली के अन्दर से उसी पदार्थ के संश्लेषण द्वारा, जिससे उस प्रणाली का निर्माण हुआ हो, उसके आकारकी वृद्धि से है; गुणन का तात्पर्य प्रणाली की संख्या में वृद्धि से है, जिसमें पितृ प्रणाली से नवीन प्रणाली का निर्माण हो; तथा चयोपचय सक्रियता का अर्थ एक सीमा के भीतर घटित अनेकों रासायनिक अभिक्रियाओं से है, जिनके फलस्वरूप प्रणाली में प्रवेश करने वाले परिवेशी अणुओं का कम से कम एक अंश उस पदार्थ में परिणत हो जाये, जिसके द्वारा उन इकाइयों का निर्माण हुआ हो और यदि प्रणाली में आकस्मिक तथा परिस्थिति के अनुकूल परिवर्तन करने के भी गुण हों, तो ऐसी प्रणाली को जीवित प्रणाली के अन्तर्गत रखा जा सकता है। यद्यपि उपर्युक्त गुण जीवित तथा अजीवित प्रणालियों के मध्य कोई विभाजन रेखा नहीं खींचते, परन्तु इनमें वे सभी गुण सम्मिलित हैं जो जीवित प्रणालियों के अधिक सन्निकट हैं, तथा इनसे कम गुणों से भी युक्त जीवित प्रणाली संभव है अतः यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि यदि कोई प्रणाली इन सभी गुणों से युक्त हो तो उसे एक जीवित प्रणाली माना जायेगा।

जैविक कोटि के गुणों से युक्त आणविक समूहों के संश्लेषण के कुछ आरम्भिक प्रयत्न सर्वविदित हैं। ओपेरिन[15] ने इस कार्य पर पुनः दृष्टि डाली है। इन प्रयोगों में सरल अकार्बनिक तथा कार्बनिक पदार्थों की अन्योन्य क्रिया द्वारा कोशों की रचना (morphology) को द्विगुणित करने के प्रयत्न किये गये। इन कणों के संदर्भ में ब्रिग्स महोदय[16] लिखते हैं, "इसमें कोई सन्देह नहीं कि इन बहुत से कार्यकर्त्ताओं द्वारा प्राप्त कणों की रचना जीवित कोशों के समरूप है, परन्तु इनमें केवल एक यही सादृश्य है, अन्यथा ये उत्पाद रासायनिक संघटन की दृष्टि से विभिन्न हैं; चयोपचय सक्रियता में अक्रिय हैं; और न बढ़ते हैं, न पुर्नजनन करते हैं। इसके अतिरिक्त इनका निर्माण ऐसे पदार्थों द्वारा तथा ऐसी दशाओं में हुआ है जो संभवतः प्रारम्भिक दशा में पथ्वी पर उपस्थित न थीं।"

कोसर्वेट में एक सीमारेखा दिखाई पड़ती है, और उनका विभाजन विखण्डन के द्वारा होता है। परन्तु अपकेन्द्रण पर उनका आकार नष्ट हो जाता है और उनका कोई निश्चित आकार भी नहीं होता। माइक्रोस्फियर ठोस पदार्थों के बने होते हैं और दबाने पर त्रिज्यानुसार टूट जाते हैं। उनका आकार कुछ घंटों तक ही रहता है, इसके पश्चात् वे मिलकर मिश्रण के तल पर ढेर बना लेते हैं। 1963 तक जबकि "जीवाणु" का कार्य सर्वप्रथम प्रकाशित हुआ, ऐसे प्रेक्षण किये गये कि माइक्रोस्फियर में एक सीमारेखा होती है, उनके परिवेशी माध्यम के हाइड्रोजन आयन सान्द्रता में परिवर्तन करने से उनके अवयवी पदार्थ घुल जाते हैं तथा वे द्विअंगी विखण्डन द्वारा विभाजित होते हैं।

सौर विकिरण एवं जीवन की उत्पत्ति

लेखक

कृष्ण बहादुर, एस० रंगनायकी तथा प्रतिभा श्रीवास्तव

रसायन विभाग, प्रयाग विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

1967, भाग 10, संख्या I, पृ० 51-61 से पुनर्मुद्रित

Solar radiations and origin of life

By

Krishna Bahadur, S. Ranganayaki and Pratibha Srivastava

Chemistry Department, University of Allahabad, Allahabad

Reprinted from the *Vijnana Parishad Anusandhan Patrika*
Vijnana Parishad, Allahabad, India

1967, Vol. 10, Part I, Pages 51-61

विज्ञान परिषद् अनुसंधान पत्रिका
1967, **10,** 51-61

VIJNANA PARISHAD
ANUSANDHAN PATRIKA
1967, **10,** 51-61

सौर विकिरण एवं जीवन की उत्पत्ति

कृष्ण बहादुर, एस० रंगनायकी तथा प्रतिभा श्रीवास्तव

रसायन विभाग, प्रयाग विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

[प्राप्त—जनवरी 8, 1967]

सारांश

जैसा कि हमारे ऋषियों का विश्वास था, सूर्य पृथ्वी का जीवनदाता है। सृष्टि के प्रारम्भ में पृथ्वी पर कार्बनिक पदार्थों तथा अकार्बनिक उत्प्रेरकों से युक्त समुद्रों पर सूर्य के विकिरणों के प्रभाव से ऐमीनो अम्ल, पेप्टाइड, तथा जैविक कोटि के गुणों से युक्त सूक्ष्म कोशीय 'जीवाणुओं' का निर्माण हुआ। इन जीवाणुओं के भीतर जीव विज्ञान सम्बन्धी कार्बनिक पदार्थ बने, और धीरे धीरे विकास के साथ साथ जीवाणु अपनी आन्तरिक संरचना में अधिक जटिल होते गये, और इस प्रकार अंत में वर्तमान युग के कोशों की उत्पत्ति हुई।

Abstract

Solar radiations and origin of life. *By* Krishna Bahadur, S. Ranganayaki and Pratibha Srivastava, Chemistry Department, University of Allahabad, Allahabad.

Thus as the sages believed, Sun is the life giver of our earth, and amino acids, peptides, and Jeewanu, the protocells, showing the properties of biological order were formed when the oceans of the primitive earth containing organic substances and inorganic catalysts were exposed to the solar radiations. Inside these Jeewanu, organic substances of biological interest were formed and in due course of evolution, Jeewanu became more and more complicated in internal structures, finally resulting in the cell of the present age.

पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति के क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी वैज्ञानिक इस बात से सहमत हैं कि पूर्वतम कोशों के निर्माण के पूर्व उन कार्बनिक यौगिकों का संश्लेषण हुआ, जिनसे फिर बाद में इन कोशो का निर्माण हुआ। उन दशाओं पर विचार करते हुए, जिनमें कि इन पदार्थों का संश्लेषण प्राकृतिक वातावरण में हो सकता है, हमें पहले उन दशाओं पर विचार करना चाहिए, जो पृथ्वी पर इस समय भी उपस्थित हैं केवल उन अन्तरों को छोड़कर जो कि पृथ्वी और उसके वातावरण से जीवित पदार्थों की अन्तःक्रिया के कारण जैविक कोटि के गुणों तथा भौतिक-रासायनिक दशाओं में हुई हैं। यह बहुत आवश्यक है क्योंकि प्राप्त प्रमाणों के

आधार पर जीवन का उत्पति काल आज से लगभग 2-2·5 बिलियन वर्ष पूर्व प्रतीत होता है, और उस काल में उपस्थित दशाओं के सम्बन्ध में केवल अप्रत्यक्ष प्रमाण प्राप्त होता है, और बहुधा वे विभिन्न वैज्ञानिकों की कल्पना की उपज मात्र हैं। इसके अतिरिक्त अभी तक इस दिशा में खोज पूर्ण नहीं हुई है, जिनसे कि पृथ्वी की भौतिक-रासायनिक दशाओं का एक असंदिग्ध चित्र प्राप्त किया जा सके।

हाल में ऊर्जा के ऐसे स्रोतों की सहायता से जो कि सम्भवतः आकस्मिक थीं, और सामान्य नहीं हैं, जीवविज्ञान सम्बन्धी पदार्थों के संश्लेषण करने की एक विशेष प्रकृति रही है। इस प्रकार के संश्लेषण तभी संभव हुये होंगे, जबकि एकाएक कोई विशेष घटना हुई हो। अतः इस प्रकार के संश्लेषण का तभी महत्त्व हो सकता है जबकि यह निश्चित हो जाये कि ऐसे पदार्थों का निर्माण प्रकृति की सामान्य दशाओं में नहीं हो सकता।

यह निश्चित है कि पथ्वी के अस्तित्व के प्रारम्भ से ही सौर ऊर्जा प्राप्य रही है और इस प्रकार की ऊर्जा के उपयोग की सम्पन्न अभिक्रियाओं का पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति सम्बन्धी खोजों में विशेष महत्त्व है।

जीवन की उत्पत्ति के पूर्व अजैवी पद्धति द्वारा जैविक कोटि के निर्मित महत्त्वपूर्ण यौगिकों में ऐमीनो अम्लों का सर्वाधिक महत्त्व है, क्योंकि पृथ्वी पर ज्ञात जीवित पदार्थों का निर्माण मुख्यतः प्रोटीन से ही हुआ है।

सर्वप्रथम 1913 में लोएब[1] ने फार्मएल्डीहाइड, अमोनिया तथा जल के मिश्रण में निःशब्द विद्युत विसर्ग प्रवाहित करके ऐमीनो अम्ल का संश्लेषण किया। विद्युतीय विधि का प्रयोग करते हुये 1953 में मिलर ने उन गैसों में, जो सम्भवतः पृथ्वी के वातावरण में प्रारम्भिक दशा में उपस्थित थीं, विद्युत विसर्ग प्रवाहित करके ऐमीनो अम्लों का संश्लेषण किया। 1954 में बहादुर ने[2,3] प्रदर्शित किया कि एमीनो अम्लों का संश्लेषण प्रकाश-रासायनिक विधि के द्वारा, कार्बनिक कार्बन के स्रोत, तथा मिट्टी में सामान्यतः प्राप्त कार्बनिक उत्प्रेरकों से युक्त निर्बीजित जलीय मिश्रणों में किया जा सकता है। इस विषय पर अनेक वैज्ञानिकों ने अनेक शोध पत्र प्रकाशित किये हैं।[3–16] 1958 में सेंट मेरी औषधालय लंदन के प्रो० ए० न्यूबर्गर, एफ० आर० एस०, ने ऐमीनो अम्लो के संश्लेषण की इस सरल विधि की खोज के लिये बहादुर की सराहना की है।

पूर्वजैविक यग में ऐमीनो अम्लों के निर्माण की इस सरल विधि के द्वारा, जो कि सम्भवतः पुरातन पृथ्वी के तालाबों एवं समुद्रों में हुई होगी, पर्याप्त मात्रा में ऐमीनों अम्लों का निर्माण हुआ होगा। अभी हाल में कुछ लेखकों ने ऐमीनो अम्लों के निर्माण के हेतु विद्युत विसर्ग तथा अन्य तीव्र विकिरणों को सहायक मानने पर विशेष बल दिया है, यहाँ तक कि उन्होंने इन तीव्र विकिरणों के प्रभाव में उत्पन्न उत्पादों के स्थायित्व के सम्बन्ध में हल[17] के ऊष्मागतिकीय विचारों की भी पूर्णतः उपेक्षा कर दी है। यह सर्वविदित है कि पृथ्वी पर जल के आविर्भाव के साथ ही तीव्र पराबैंगनी विकिरणों का आना रुक गया और पृथ्वी पर उसकी उत्पत्ति के बाद शीघ्र ही जल उत्पन्न हो गया।

जैविक कोटि के यौगिकों में पेप्टाइड का निर्माण एक दूसरा महत्त्वपूर्ण चरण है। निर्बीजित जलीय मिश्रणों में प्रकाश-रासायनिक विधि द्वारा पेप्टाइड के निर्माण की सूचना सर्वप्रथम 1958 में[18,19]

प्रकाशित हुई। तब से भारत एवं विदेशों की अनेक प्रयोगशालाओं में इस दिशा में निरन्तर कार्य हो रहा है और इस विषय पर अनेक शोधपत्र प्रकाशित हुये हैं, जिनका संक्षेपन भी हो चुका है[20,21,22,23,24,25,26]। ऐसा देखा गया है कि यदि ऐमीनों अम्लों तथा अकार्बनिक उत्प्रेरकों के निर्बीजित जलीय विलयन को प्रकाश में रखा जाये, तो मिश्रण में अनेक पेप्टाइड बन जाते हैं। पूर्वजैविक युग में पेप्टाइड का निर्माण सरल था, इस प्रक्रम के लिये और सौर विकिरणों से आवश्यक ऊर्जा प्राप्त हुई।

26 से 28 फरवरी 1963, तक जेट प्रोपल्सन प्रयोगशाला, पैसाडेना में इंग्लैंड के डा० एम० एच० ब्रिग्स के तत्वधान में बहिःजीवविज्ञान के आधुनिक अनुसंधान कार्य पर एक गोष्ठी आयोजित हुई। उसमें प्रोफेसर जे० ओरो के शोधपत्र "The experimental investigation of chemical evolution" की विवेचना के समय, जिसमें ई० ऐन्डरस, जी० क्लास, एफ० फिच, एन० होरोविट्ज, एल० जाफे, बी० मैसन, बी० नैगी, जे० ओरो०, एफ० क्विम्बी, ओ० रेनोल्डस, सी० सागन, के० बहादुर, तथा बहिःजीवविज्ञान में महत्त्वपूर्ण कार्य करते हुये अन्य वैज्ञानिक उपस्थित थे, नोबल पुरस्कार विजेता प्रो० यूरे ने अपना मत प्रगट किया कि ज्वालामुखियों के निकट पेप्टाइड के निर्माण की खोज करने का प्रयत्न नितान्त हास्यापद है, तथा पेप्टाइड के निर्माण की खोज जलीय मिश्रणों में कीलेट बनाने वाले धात्विक आयनों की उपस्थिति में प्रकाश की सहायता के द्वारा किया जाना चाहिये। डा० एम० एच० ब्रिग्स प्रकाश-रासायनिक विधि द्वारा पेप्टाइड के निर्माण में उत्सुक हो गये तथा 17 मार्च, 1963 को उन्होंने जेट प्रोपल्सन प्रयोगशाला, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट आव टेक्नालाजी, पैसाडेना से बहादुर को एक पत्र में लिखा :—

"प्रकाश द्वारा पेप्टाइड के संश्लेषण की आप की विधि मुझे इस क्षेत्र में बहुत वर्षों के लिये सबसे महत्त्वपूर्ण प्रगति प्रतीत होती है, और मैं बड़ा कृतज्ञ हूँगा, यदि आप अपनी प्रयोगात्मक विधि के पूर्ण विवरण भेज दें, जिससे कि मैं भी इस कार्य को दुहरा सकूँ।"

ये पूरे विवरण डा० एम० एच० ब्रिग्स को भेजे गये, और 8 मई, 1963 को एक पत्र में उन्होंने लिखा :—

"हम लोगों ने सभी विलयनों को कृत्रिम प्रकाश में लगभग तीन सौ घंटों तक रखा, और सभी ने पेप्टाइड का निर्माण प्रदर्शित किया।"

पेप्टाइड निर्माण के इस कार्य की पुष्टि अनेक प्रयोगशालाओं में हो चुकी है, और इस विषय पर अनेक शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। इन शोध पत्रों में से अधिकांश का निर्देश बहिःजीवविज्ञान की विषयावली में हो चुका है जिसका संकलन, डा० एम० एच० ब्रिग्स के प्रधान सम्पादकत्व में जे० पी० एल० पैसाडेना के बहिःजीव विज्ञान विभाग ने एन० ए० एस० ए० के अर्न्तगत किया है।

वर्तमान काल में जैविक कोटि के गुणों से युक्त आणविक समूहों के निर्माण की समस्या प्रमुख है। इस क्षेत्र में 1963 में उद्घोषित जीवाणु का कार्य प्रकाशित हो चुका है[27,28,29,30,31,32,33,34], और डा० एम० एच० ब्रिग्स ने[35,36] अपनी प्रयोगशाला में स्वतन्त्र रूप से इसकी दो बार पुष्टि भी की है। अन्तरिक्ष विज्ञान में प्रकाशित अपने शोध-पत्र "Experiments on origin of cells"[35] में डा० ब्रिग्स लिखते हैं :—

'अनेक लेखकों ने (ओपेरिन का रिव्यू देखिये[37]) सरल अकार्बनिक तथा कार्बनिक मिश्रणों की अन्तःक्रिया से कोशों की रचना को द्विगुणित करने के प्रयोग किये हैं। इसमें कोई सन्देह नहीं कि इन कार्यकर्ताओं द्वारा प्राप्त उत्पाद रचना में जीवित कोशों के समरूप हैं, परन्तु उनमें यही समानता है, अन्यथा वे रासायनिक संगठन में भिन्न हैं, चयोपचय सक्रियता की दृष्टि से अक्रिय हैं, न वृद्धि करते हैं, और न प्रजनन ही करते हैं। इसके अतिरिक्त ये कृत्रिम कोश ऐसे पदार्थों से तथा ऐसी दशाओं में बनाये गये हैं जो कि संभवतः पृथ्वी पर उसकी आरम्भिक अवस्था में उपस्थित न थे। इन उत्पादों में से केवल फाक्स[38] की रचनाएँ रोचक हैं, जिन्होंने यह प्रदर्शित किया है कि ऊष्मीय विधि द्वारा संश्लेषित प्रोटीनयुक्त पदार्थ जल में माइक्रोस्फियर उत्पन्न करते हैं।'

'अभी हाल में बहादुर[27] तथा पर्ती[31] ने सिट्रिक अम्ल तथा मालिब्डनम या आयरन के कोलाइडी लवणों से युक्त निर्बीजित विलयन पर सूर्य के प्रकाश अथवा पराबैंगनी लैम्प के प्रकाश के प्रभाव से कोशों के समान सूक्ष्म रचनाओं के एक श्रेणी (जिसका नामकरण उन्होंने एक संस्कृत शब्द "जीवाणु" जिसका अर्थ "जीवन के कण" है, किया है) का वर्णन किया है। **इस शोधपत्र का उद्देश्य इस कार्य की पुष्टि तथा विस्तार की सूचना देना है।**'

इन आणविक समूहों के रासायनिक संगठन का वर्णन करते हुए डा० ब्रिग्स[36] लिखते हैं:

'पुरातन जलमण्डल का छद्मरूप प्राप्त करने के लिये पहले एक किलोग्राम संपीड़ित यीस्ट को 500° सेन्डीग्रेड पर 12 घंटे तक गरम करके राख में परिणत किया गया। इस राख की कार्बनिक पदार्थों, तथा कोशीय अवशेषों के लिये परीक्षा की गई, तो उसमें ये नहीं पाये गये। फिर इस राख को तीन बार आसवित किये एक लीटर जल में विलयित किया गया।'

विभिन्न प्रकार के कार्बनिक मिश्रणों, यथा फार्मएल्डीहाइड+अमोनियम नाइट्रेट, ऐसेटएल्डीहाइड +अमोनियम नाइट्रेट, पैरा फार्मएल्डीहाइड + अमोनियम फास्फेट, टाइरोसीन अकेले, सिट्रिक अम्ल+ अमोनियम फास्फेट, तथा केवल कैसीन-हाइड्रोलिसेट की परीक्षा की गई। कुछ प्रयोगों में अकार्बनिक निलम्ब (फेरिक आक्साइड विलय, मालिब्डिक आक्साइड विलय, एलूमिना) मिलाकर उनके प्रभावों का भी अध्ययन किया गया।

विलयनों को क्वार्ट्ज के फ्लास्कों में लिया गया, और उन्हें सील करके आटोक्लेव में निर्बीजित किया गया। प्रत्येक प्रयोग में प्रत्येक प्रकार के विलयन के लिये चार-चार फ्लास्क लगाये गये। प्रत्येक विलयन के दो फ्लास्कों को तुरन्त मोटे काले कपड़े से ढक दिया गया, और अन्धेरे में एक बन्द दराज में रख दिया गया, और अन्य दो फ्लास्कों को 500 वाट के एक बल्ब के प्रकाश में चार से छः मास तक रखा गया। इसी प्रकार के दूसरे प्रयोगों में फ्लास्कों को, 300 मिली माइक्रान से कम वाली विकिरणों को हटाने वाले फिल्टर से युक्त एक उच्च दाब के पारद पराबैंगनी लैम्प के प्रकाश से अनुप्रभावित किया गया। फ्लास्कों को खोल कर उनके द्रव्यों की परीक्षा फौरन माइक्रोस्कोप से की गई। प्रत्येक फ्लास्क के द्रव्यों के इन्जेक्शन सूक्ष्मजीवाणुओं की निर्बीजित माध्यमों की श्रेणी तथा ऐगर के ढेरों में लगाये गये। इन्हें फिर सीलबन्द करके 37°सें० पर इन्क्यूबेटर में दो सप्ताह तक रखा गया। किसी भी माध्यम अथवा ऐगर पुंजों में सूक्ष्मजीवाणुओं की कोई वृद्धि नहीं दिखाई पड़ी, जिससे प्रगट हुआ कि फ्लास्क इन सूक्ष्म जीवाणुओं से मुक्त थे।

अंधेरे में रखे गये फ्लास्कों की माइक्रोस्पीय परीक्षा से उनमें कोई सूक्ष्म-रचनायें नहीं पाई गईं, परन्तु प्रकाश से अनुप्रभावित सभी फ्लास्कों में 0·5 माइक्रान से 15 माइक्रान तक की आकार वाली अनेक गोलाकार सूक्ष्म रचनायें दिखाई पड़ीं। इन रचनाओं में से अधिकांश एकाकी थीं, परन्तु कुछ में कलियाँ फूट रही थीं, और कुछ 3 से 15 तक के समूहों में उपस्थित थीं। सभी फ्लास्कों में, विभिन्न मात्राओं में, समान रचनायें दिखाई दीं।

प्रकाश से अनुप्रभावित विलयनों के बड़े नमूनों को फिर 5000 चक्र प्रति मिनट की गति से 30 मिनट तक अपकेन्द्रित किया गया, जिससे कि वे एक अवक्षेप तथा स्वच्छ विलयन में पृथक हो गये।

ऊपरी स्वच्छ विलयन, तथा घुले हुय अवक्षेपों के नमूनों में उच्च वोल्ट पर पत्रीय वैद्युत अपोहन (paper-electrophoresis) द्वारा ऐमीनो अम्लों का विश्लेषण किया गया। अंधेरे में रखे गये विलयनों की भी उसी प्रकार परीक्षा की गई। अंधकार में रखे किसी भी विलयन में (जिनमें प्रयोग के आरम्भ में एमीनो अम्ल नहीं मिलाये गये थे) कोई भी ऐमीनो अम्ल नहीं मिला। परन्तु प्रकाश से अनुप्रभावित सभी फ्लास्कों में, जिनमें प्रयोग के प्रारम्भ में एल्डीहाइड तथा अमोनियम लवण लिये गये थे, अब मुक्त ऐमीनो अम्ल उपस्थित थे, ग्लाइसीन, ग्लूटैमेट, एस्पर्टेट, तथा एलानीन सभी में पाये गये। लिये हुय एल्डीहाइडों की लगभग 0·1% मात्रा 4 मास के अनुप्रभावन के पश्चात् मुक्त एमीनो अम्लों के रूप में उपस्थित थी।

सभी फ्लास्कों के अवक्षेपों की परीक्षा से उन्हीं चार मुक्त एमीनो अम्लों की उपस्थिति का भान हुआ। अवक्षेपों से पत्र पर कई पेप्टाइड के धब्बे भी दिखाई पड़े, जो ब्रोमोफीनाल ब्लू से रंग देते थे। 5*N* हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के द्वारा अवक्षेपों के जलअपघटन से अनेक ऐमीनो अम्ल मुक्त हुये, जिनकी पहचान वैद्युत अपोहन आरेख पत्र पर की गई। विभिन्न विलायकों में *Rf* मानों से निम्न ऐमीनो अम्लों की पहचान की गई :—

ग्लाइसीन, एलानीन, ग्लूटैमेट, ऐस्पर्टेट, हिस्टीडीन, लाइसीन, आर्जीनीन, सेरीन, थ्रियोनीन, फेनिल-एलानीन, ल्यूसीन, वैलीन।

जलअपघटित पदार्थों की भी परीक्षा पत्र क्रोमैटोग्राफीय विधि द्वारा विभिन्न वर्गों के कार्बनिक यौगिकों के लिये उपयुक्त विशिष्ट अभिकर्मकों को फुहार द्वारा छिड़क कर की गई। सिल्वर क्रोमेट और मरक्यूरिक नाइट्रेट-अमोनियम सल्फाइड विधियों से क्रोमेटोग्राम में ऐसे धब्बे स्पष्ट हुये जिनके *Rf* मान एडेनीन, और गुआनीन के समान थे। अमोनियामय सिल्वर नाइट्रेट, और एनीलीन-डाइफेनिलएमीन का प्रयोग ग्लूकोस, फ्रक्टोस, राइबोस, और 2-डिआक्सी राइबोस की पहचान के लिये किया गया। फीनाल हाइपोक्लोराइट ने सभी क्रोमैटोग्रामों में यूरिया के *Rf* मान वाले यौगिक से अभिक्रिया, जबकि डायजोकरण अभिक्रियाओं से बहुत से धब्बे दिखाई पड़े, जिनमें से तीन की पहचान वैनिलिक अम्ल, 3- हाइड्राक्सी बेन्जोइक अम्ल, और 4- हाइड्राक्सीफेनिल ऐसीटिक अम्ल के रूप में की गई।

विभिन्न अनुप्रभावन कालों के अनुसार प्रयोग में लिये गये कार्बनिक यौगिकों का लगभग 1% से 9% तक अन्य पदार्थों में परिणत हो गया।

अवक्षेपों की परीक्षा एन्जाइम-सक्रियता के लिये भी की गई है। अवक्षेपों में एस्टरेस, पेप्टीडेस और फास्फोटेस की परीक्षा सामान्य सूक्ष्म-औषधीय विश्लेषण विधियों द्वारा की गई । कुछ अवक्षेपों में पर्याप्त परिमाण में एस्टरेस सक्रियता, और कुछ अन्य अवक्षेपों में फास्फोटेस सक्रियता पाई गई। सक्रियता की मात्रा बहुत कम थी, परन्तु प्रयोगों को दोहराया जा सकता था, यद्यपि 5 मिनट तक 100° सेन्टीग्रेड पर गरम किये हुये अवक्षेपों में कोई सक्रियता नहीं दिखाई पड़ी। किसी भी अवक्षेप में पेप्टीडेस सक्रियता नहीं दिखाई पड़ी।

उपर्युक्त विधियों द्वारा संश्लेषित सूक्ष्म रचनाओं के माइक्रोस्कोप द्वारा विस्तृत अध्ययन से उनमें एक विशेष आन्तरिक संरचना भी दिखाई पड़ी। बहुतों में वैकुओल (vacuoles), गोलाकार ठोस पदार्थ तथा कोश की दीवार के समान रचनायें दिखाई दीं। कुछ रचनाओं में परावैंगनी प्रकाश में प्रकाशदीप्ति का गुण दिखाई पड़ा, जब कि कुछ को जीवविज्ञान में प्रयुक्त रंजकों (यथा अम्लीय कार्मीन, एज्यूर II, इयोसीन, हैमेटाक्सिलीन-इयोसीन, जैनस ग्रीन B, मेथिलीन ब्लू, उदासीन रेड निनहाइड्रिन, सैफ़ानीन, और टालुइडीन ब्लू) द्वारा रंजित किया जा सका।

अपने पत्र के अन्त में डा० ब्रिग्स[35] लिखते हैं :—

"0·5 से 15μ आकार की सूक्ष्म रचनायें, पुरातन जलमण्डल के सदृश्य खनिजीय माध्यम में सरल कार्बनिक यौगिकों के विलयन में, अधिक समय तक प्रकाश के प्रभाव से बन सकती हैं। इनमें से कुछ की वाह्य रचनायें सरल कोशों के समान हैं। इनमें प्रोटोप्लाज्म में पाये जाने वाले तमाम कार्बनिक यौगिक भी होते हैं। कुछ में क्षीण एन्जाइम सक्रियता भी दिखाई पड़ती है। यद्यपि जीवन, तथा जीवित पदार्थ की परिभाषा करना बड़ा कठिन है, परन्तु यह निस्सन्देह कहा जा सकता है, कि ये सूक्ष्म रचनायें जीवित कोशों के बहुत से अभिलक्षणों को पूरा करती हैं। यह सम्भव प्रतीत होता है कि वर्तमान प्रयोगों में प्रेक्षित रचनाओं के ही समान रचनायें सर्वप्रथम पृथ्वी के महासागरों में प्रचुरता से बनीं, और कोशीय जीवन का प्रादुर्भाव इन्हीं से हुआ।"

इस प्रकार डा० ब्रिग्स ने निम्नांकित प्रेक्षणों की पुष्टि की :—

1. प्रकाश-रासायनिक विधि द्वारा ऐमीनो अम्लों का निर्माण।

2. प्रकाश-रासायनिक विधि द्वारा पेप्टाइड का निर्माण।

3. अजैवी पद्धति द्वारा एन्जाइम सक्रिय पदार्थों का निर्माण[39] ।

4. उन दशाओं में जीवाणुओं का निर्माण, जो कि संभवतः आदि काल में पृथ्वी के महासागर में उपस्थित थीं, और इस प्रक्रम में प्रकाश की महत्त्वपूर्ण भूमिका[28,32]।

द्विगुणन तथा परिवर्तनशीलता किसी भी जीवित पदार्थ के मूल गुण हैं। न्यूक्लियक अम्लों के अतिरिक्त अन्य अणुओं का द्विगुणन प्रायः देखा गया है, और भौतिक-रसायनज्ञों के अनुसार यह केवल आत्म-उत्प्रेरण है।

आदियुगीन जीवित पदार्थ संभवतः केवल सरल अणुओं के बने होंगे, और उनमें द्विगुणन का प्रक्रम क्वाण्टम यांत्रिकी संस्पन्दन अभिक्रिया के विशेष स्थायित्व बल के द्वारा हुआ होगा। जब विकास के साथ, आदिकालीन जीवित पदार्थों के रचक अणु आकार में बड़े हो गये, जिसके फलस्वरूप प्रबल आणविक बल उत्पन्न हुये, और क्वाण्टम यांत्रिक संस्पन्दन अभिक्रिया बल के द्वारा प्रेरित द्विगुणन प्रक्रम में बाधा पड़ने लगी, तो न्यूक्लियक अम्लों ने इस कार्य को करना प्रारम्भ किया।

इस प्रकार जैविक परिवर्तनशीलता की परिभाषा इस प्रकार की जा सकती है:—यदि किसी जीवित जैविक फ्लास्क में कोई विकार उत्पन्न किया जाये, तो यथासम्भव उसमें ऐसा परिवर्तन होता है, जिससे कि उस विकार का प्रभाव अंशतः नष्ट हो जाये। प्रोटोप्लाज्म तथा कोश की गतिशील प्रकृति के कारण एक जीवित पदार्थ को साम्यावस्था में स्थित एक फ्लास्क माना जा सकता है। यदि परिवर्तनशीलता के उपर्युक्त वर्णन में "जीवित जैविक फ्लास्क" के स्थान पर 'साम्यावस्था में स्थित फ्लास्क" रखा जाये, तो उसका यह रूप हो जाता है:—यदि साम्यावस्था में स्थित किसी फ्लास्क में कोई विकार उत्पन्न किया जाये, तो यथासम्भव फ्लास्क में ऐसा परिवर्तन होता है, जिससे कि उस विकार का प्रभाव अंशतः नष्ट हो जाय। परन्तु यही ल शतालिये का नियम है। इन तथ्यों के प्रकाश में निम्नांकित सामान्य नियम दिया जा सकता है—द्रव्य में द्विगुणन तथा परिवर्तनशीलता के जन्मजात गुण होते हैं, और यदि उपर्युक्त दशायें उत्पन्न कर दी जायें तो द्रव्य के ये गुण प्रकाश में आ जाते हैं, जिसके फलस्वरूप वृद्धि, गणन तथा चयोपचय सक्रियता के गुणों से युक्त आणविक समूहों का निर्माण संभव हो जाता है।

जेन्ट्राब्लाट फर बैक्टीरियालाजी में प्रकाशित (**117**, 567, 574, 1964) अपने शोधपत्र "Synthesis of Jeewanu, the units capable of growth, multiplicationand metabolic activity" भाग में यह कहा है कि हमारे विचार से द्रव्य में द्विगुणन तथा परिवर्तनशीलता के जन्मजात गुण होते हैं, अर्थात् संक्षेप में **द्रव्य में जन्मजात रूप से जीवन है**, और यह केवल कुछ विशेष दशाओं में, जैविक कोटि के गुणों, यथा वृद्धि गुणन और चयोपचय सक्रियता, से युक्त रचनाओं के रूप में प्रकाश में आ जाता है। उपर्युक्त पत्र के पृष्ठ 572 पर अंतिम पैरा का प्रारम्भ इस प्रकार होता है:—

"इस प्रकार विरोधी प्रकृति के विभिन्न प्रक्रमों में यथा विलेयता और अविलेयता, पदार्थों की विलय और जेल अवस्थायें, प्रवेश्यता तथा अप्रवेश्यता, जलयोजन और निर्जलीकरण, अवशोषण और प्रवेश निषेध विन्दुओं की पदार्थों की परस्पर, तथा वातावरण के पदार्थों के साथ सक्रियता और अक्रियता, इस प्रकार के इन पदार्थों के इन सभी भौतिक-रासायनिक दशाओं पर आश्रित प्रक्रमों में एक ऐसी भी धारा वर्तमान थी, जिसके द्वारा द्रव्य के जन्मजात गुण, द्विगुणन तथा परिवर्तनशीलता भी अपनी भूमिका अदा कर सके, और इसके फलस्वरूप ऐसी इकाइयाँ बनीं जिनमें कि जीवित पदार्थों के गुण यथा वृद्धि, गुणन, और चयोपचय सक्रियता, दिखाई पड़े।,, आगे उसी पत्र के पृष्ठ 573 पर लिखा है:—

"इस प्रकार संक्षेप में, वृद्धि, गुणन और चयोपचय सक्रियता के गुणों से युक्त इकाइयों के उत्पादन का प्रश्न केवल द्रव्य को ऐसी अवस्था में ले आना है, जहाँ उसके जन्मजात गणों का प्रकाशन हो सके, और यह एक डाक्टरी चीड़फाड़ के समान है, जिसमें कि आवश्यक परिवर्तनों के द्वारा केवल वस्तुओं को व्यवस्थित कर दिया जाता है, और शेष कार्य शरीर स्वयं कर लेता है।,,

फिर जेन्ट्राब्लाट फर बैक्टीरियालोजी में प्रकाशित शोधपत्र (**118,** 672-694, 1964) "Coversion of lifeless matter into living system" के पृष्ठ 685 पैरा दो में यह लिखा गया है :—

"इस प्रकार द्रव्य के जन्मजात गुणों, द्विगुणन और परिवर्तन-शीलता, को ध्यान में रखते हुए द्रव्य के ऐसे फ्लास्कों का उत्पादन संभव है जो कि उपयुक्त दशाओं तथा वातावरण के मिलने पर द्विगुणन और परिवर्तन-शीलता के गुण प्रदर्शित करें। ऐसे फ्लास्कों का निर्माण अनेक प्रकार के पदार्थों से किया जाता है, और उसकी वाह्य रचनाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है, और उनके उत्पादन की विधियों का भी वर्णन किया गया है[29,30,31,33]।"

ल्वाफ के कार्य से यह प्रकट है कि विकास के द्वारा अकेले कोष के गुणों में वृद्धि नहीं हुई है, प्रत्युत उसके कुछ गुणों की हानि ही हुई है[40]। परन्तु यह असम्भव लगता है, कि आकस्मिक रूप से उत्पन्न हुआ कोश इस प्रकार अनेक गुणों से युक्त हो जो विकास की प्रगति के साथ केवल घटते गये। इसके स्थान पर एक ऐसे फ्लास्क के निर्माण की कल्पना सरल है, जिसका निर्माण उसके रचक द्रव्य तथा वातावरण के भौतिक-रासायनिक गुणों के कारण हुआ, और फिर उसमें द्रव्य के जन्मजात गुणों, द्विगुणन तथा परिवर्तन-शीलता के कारण वृद्धि, गुणन और चयोपचय सक्रियता के गुण प्रगट हुये।"

उसी शोधपत्र के पृष्ठ 682 पर इकतीसवीं पंक्ति इस प्रकार प्रारम्भ होती है :—

"हमने यह सुझाव दिया है कि एक जीवित फ़्लास्क के रचक अणुओं ने उसका निर्माण उपयुक्त दशाओं में केवल अवसरवादिता के कारण नहीं किया है, प्रत्युत उसका निर्माण द्रव्य के जन्मजात गुणों के कारण हुआ है। हमारा विश्वास है कि द्रव्य में अनेक ज्ञात गुणों के अतिरिक्त परिवर्तनशीलता और द्विगुणन ये दो गुण और होते हैं।"

नवम्बर 1963 में तालाहासी में जीवन की उत्पत्ति, और अजैवी पद्धति द्वारा जैविक कोटि के यौगिकों के निर्माण सम्बन्धी विषयों के विभिन्न पक्षों पर विचार करने के लिये एक वाकुला सभा हुई। सभा का आयोजन एन० ए० एस० ए० की बहिर्जीवविज्ञान शाखा ने डा० फाक्स के तत्वधान में किया था। इस सभा में जीवन की उत्पत्ति के विभिन्न पक्षों पर विवेचना हुई, और इसी सभा में जीवन की उत्पत्ति क्षेत्र में कार्य करने वाले दो महान दिग्गजों, प्रो० ओपेरिन और प्रो० हाल्डेन, की सर्वप्रथम भेंट हुई। प्रो० जे० बी० एस० हाल्डेन इस सभा में भाग लेने के लिये भारत से गये थे। सभा से लौटने पर प्रो० हाल्डेन ने बहादुर को दिनांक 9 अप्रेल 1964 को एक पत्र नं० 64/0019 लिखा :—

"मैं नवम्बर मास के महीने में तालाहासी गया था। मुझे दुख था कि आप वहाँ पर नहीं थे, क्योंकि आपके जीवाणु उनके माइक्रोस्फियर की अपेक्षा कुछ दृष्टियों से जीवन के अधिक निकट हैं"

निर्देश

1. लोएव, डब्लू०। **बर० केम० गेस०,** 1913, **46,** 690.

2. बहादुर, के०। **नेचर,** 1954, **173,** 1141.

3. बहादुर, के० तथा रंगनायकी, एस० । **प्रोसी० नेश० एकैड० साइं० इंडिया,** 1954, **23A,** 21-23.

4. वही । **काम्प० रेण्ड० पेरिस,** 1955, **240,** 246-8.

5. वही । **यू० एस० एस० आर० एकैड० सांइ०,** 1957, **6,** 754-55.

6. बहादुर के० । "Origin of life on the earth" **पर मास्को में** 1957, **में हुई अन्तर्राष्ट्रीय गोष्ठी की रिपोर्ट, पर्गमान प्रेस, इंग्लिश संस्करण,** 1959, **पृष्ट** 91-96.

7. बहादुर, के० तथा रंगनायकी, एस० । **प्रोसी० नेश० एकैड० सांइ० इंडिया,** 1957, **26A,** 154,162.

8. बहादुर, के० रंगनायकी, एस० तथा सान्तामेरिया, एल० । **नेचर,** 1958, **182,** 1668.

9. बहादुर, के०, तथा श्रीवास्तव, आर० बी० । **जुर्न० आब्साईकुम्,** 1961, XXXI(XCIII), 317-320.

१०. बहादुर, के०, तथा अग्रवाल, के० एम० एल० । **जर्न० इण्ड० रिसर्च, इण्डिया,** 1962, **21B,** 335-337.

11. बहादुर, के० तथा श्रीवास्तव, आर०बी० **विज्ञान परिषद अनु० पत्रिका,** 1962, **5,** 57-59.

12. वही । **जर्न एकैड० साइं, यू० एस० एस० आर०,** 1962, **9,** 1608.

13. वही । **इस्व, ए० न०, य० एस० एस० आर०आट्ड खिम०,** 1963, **6,** 1070.

14. बहादुर, के० तथा रंगनायकी, एस० । **जर्न०जेन० केमि०, यू० एस० एस० आर०,** 1963, **33.**

15. बहादुर, के० तथा अग्रवाल, के० एम० एल० । **जर्न० आर्ग० केमि०, यू० एस० एस० आर०,**1963 **6,** III, 248.

16. वही । **विज्ञान परिषद् अनु० पत्रिका,** 1964, **7,** 2,51.

17. हल, डी० ई० । **नेचर,** 1960, **186,** 693.

18. बहादुर, के० तथा रंगनायकी, एस० । **इजवेस्तिया एकैडमी नाउक, यू०एस०एस०आर०,** 1958, II, 1361.

19. वही । **प्रोसी० नेश० एकैड० सांइ० इंडिया,** 1958, **27A,** 292.

20. वही । **विज्ञान परिषद अनु० पत्रिका,** 1958, **1,** 99.

21. बहादुर के० तथा श्रीवास्तव, आर० बी० । **इण्डि० जर्न० ऐप्ल० केमि०,** 1960, **23,** 131.

22. पर्ती, ओ० एन० बहादुर, के० तथा पाठक, एच० डी० । **प्रोसी० नेश० एकै० सांइ० इंडिया,** 1961, **30A,** 206.

23. पर्ती, ओ० एन०, बहादुर, के०, तथा पाठक, एच० डी० । **इण्डि० जर्न० ऐप्ल० केमि०,** 1961, **25,** 90.

24. वही । **बायोकेमिस्ट्री जर्न०, यू०एस०एस०आर०,बीडी० I4, टी०,** 1962, **27,** 708.

25. बहादुर, के० तथा पांडे, आर० एस० । **जर्न० इण्डि० केमि० सोसा०,** 1965, **42,** 75.

26. वही । **विज्ञान परिषद् अनु० पत्रिका,** 1964, **7,** 57.

27. बहादुर, के० एवं अन्य सहयोगी । **वही,** 1963, **6,** 63.

28. बहादुर, के० और रंगनायकी, एस० । **जब्ल० बैक्ट०,** 1964, **117,** II, 567.

29. बहादुर, के० । **वही,** 1964, **117,** II, 575.

30. वही । **वही,** 1964, 117, II, 585.

31. पर्ती, ओ० एन० । **आगरा यूनि० जर्न० रिसर्च,** 1963, **12,** II, 1.

32. बहादुर, के० । **जब्ल० बैक्ट०,** 1964, 118,II, 671.

33. पर्ती, ओ० एन० एवं अन्य सहयोगी । **आगरा यूनि० रिसर्च जर्न०,** 1964, **13,** II, 1.

34. बहादुर, के० । "Synthesis of Jeewanu, the Protocell", रामनारायन लाल बेनी प्रसाद, पब्लिशर्स, इलाहाबाद, 1965.

35. ब्रिग्स, एम० एच० । "Experiments on the origin of cells" Space Flight, 1965, **7**, (4), 129-131.

36. वही । The formation of cell like structures by the action of light on a possible primitive earth hydrosphere", प्रकाश जीव विज्ञान की चतुर्थ अन्तर्राष्ट्रीय गोष्ठी में प्रस्तुत । सारांश गोष्ठी की रिपोर्ट में प्रकाशित, "Recent Progress in Photobiology" जुलाई, 1964, पृष्ठ 360.

37. ओपेरिन, ए० आई० । "Origin of life on the earth", एकैडेमिक प्रेस, 1957.

38. फाक्स, एस० डब्लू । "The Origin of prebiological systems", एकैडेमिक प्रेस, 1964.

39. बहादुर, के० तथा सक्सेना, इ० । विज्ञान परिषद अनु० पत्रिका, 1963, **6**, 161.

40. ल्वाफ, ए० । L' evolution physiologique, el les des pertes des fonctions chez les microorganisms, Paris, 1943.

सौर विकिरण एवं जीवन की उत्पत्ति

लेखक

कृष्ण बहादुर, एस० रंगनायकी तथा प्रतिभा श्रीवास्तव

रसायन विभाग, प्रयाग विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

1967, भाग 10, संख्या I, पृ० 51-61 से पुनर्मुद्रित

Solar radiations and origin of life

By

Krishna Bahadur, S. Ranganayaki and Pratibha Srivastava

Chemistry Department, University of Allahabad, Allahabad

Reprinted from the *Vijnana Parishad Anusandhan Patrika*
Vijnana Parishad, Allahabad, India

1967, Vol. 10, Part I, Pages 51-61

विज्ञान परिषद् अनुसंधान पत्रिका
1967, **10,** 51-61

VIJNANA PARISHAD
ANUSANDHAN PATRIKA
1967, **10,** 51-61

सौर विकिरण एवं जीवन की उत्पत्ति

कृष्ण बहादुर, एस० रंगनायकी तथा प्रतिभा श्रीवास्तव

रसायन विभाग, प्रयाग विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

[प्राप्त—जनवरी 8, 1967]

सारांश

जैसा कि हमारे ऋषियों का विश्वास था, सूर्य पृथ्वी का जीवनदाता है। सृष्टि के प्रारम्भ में पृथ्वी पर कार्बनिक पदार्थों तथा अकार्बनिक उत्प्रेरकों से युक्त समुद्रों पर सूर्य के विकिरणों के प्रभाव से ऐमीनो अम्ल, पेप्टाइड, तथा जैविक कोटि के गुणों से युक्त सूक्ष्म कोशीय 'जीवाणुओं' का निर्माण हुआ। इन जीवाणुओं के भीतर जीव विज्ञान सम्बन्धी कार्बनिक पदार्थ बने, और धीरे धीरे विकास के साथ साथ जीवाणु अपनी आन्तरिक संरचना में अधिक जटिल होते गये, और इस प्रकार अंत में वर्तमान युग के कोशों की उत्पत्ति हुई।

Abstract

Solar radiations and origin of life. *By* Krishna Bahadur, S. Ranganayaki and Pratibha Srivastava, Chemistry Department, University of Allahabad, Allahabad.

Thus as the sages believed, Sun is the life giver of our earth, and amino acids, peptides, and Jeewanu, the protocells, showing the properties of biological order were formed when the oceans of the primitive earth containing organic substances and inorganic catalysts were exposed to the solar radiations. Inside these Jeewanu, organic substances of biological interest were formed and in due course of evolution, Jeewanu became more and more complicated in internal structures, finally resulting in the cell of the present age.

पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति के क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी वैज्ञानिक इस बात से सहमत हैं कि पूर्वतम कोशों के निर्माण के पूर्व उन कार्बनिक यौगिकों का संश्लेषण हुआ, जिनसे फिर बाद में इन कोशो का निर्माण हुआ। उन दशाओं पर विचार करते हुए, जिनमें कि इन पदार्थों का संश्लेषण प्राकृतिक वातावरण में हो सकता है, हमें पहले उन दशाओं पर विचार करना चाहिए, जो पृथ्वी पर इस समय भी उपस्थित हैं केवल उन अन्तरों को छोड़कर जो कि पृथ्वी और उसके वातावरण से जीवित पदार्थों की अन्तःक्रिया के कारण जैविक कोटि के गुणों तथा भौतिक-रासायनिक दशाओं में हुई हैं। यह बहुत आवश्यक है क्योंकि प्राप्त प्रमाणों के

आधार पर जीवन का उत्पति काल आज से लगभग 2-2·5 बिलियन वर्ष पूर्व प्रतीत होता है, और उस काल में उपस्थित दशाओं के सम्बन्ध में केवल अप्रत्यक्ष प्रमाण प्राप्त होता है, और बहुधा वे विभिन्न वैज्ञानिकों की कल्पना की उपज मात्र हैं। इसके अतिरिक्त अभी तक इस दिशा में खोज पूर्ण नहीं हुई है, जिनसे कि पृथ्वी की भौतिक-रासायनिक दशाओं का एक असंदिग्ध चित्र प्राप्त किया जा सके।

हाल में ऊर्जा के ऐसे स्रोतों की सहायता से जो कि सम्भवतः आकस्मिक थीं, और सामान्य नहीं हैं, जीवविज्ञान सम्बन्धी पदार्थों के संश्लेषण करने की एक विशेष प्रकृति रही है। इस प्रकार के संश्लेषण तभी संभव हुये होंगे, जबकि एकाएक कोई विशेष घटना हुई हो। अतः इस प्रकार के संश्लेषण का तभी महत्त्व हो सकता है जबकि यह निश्चित हो जाये कि ऐसे पदार्थों का निर्माण प्रकृति की सामान्य दशाओं में नहीं हो सकता।

यह निश्चित है कि पथ्वी के अस्तित्व के प्रारम्भ से ही सौर ऊर्जा प्राप्य रही है और इस प्रकार की ऊर्जा के उपयोग की सम्पन्न अभिक्रियाओं का पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति सम्बन्धी खोजों में विशेष महत्त्व है।

जीवन की उत्पत्ति के पूर्व अजैवी पद्धति द्वारा जैविक कोटि के निर्मित महत्त्वपूर्ण यौगिकों में ऐमीनो अम्लों का सर्वाधिक महत्त्व है, क्योंकि पृथ्वी पर ज्ञात जीवित पदार्थों का निर्माण मुख्यतः प्रोटीन से ही हुआ है।

सर्वप्रथम 1913 में लोएब[1] ने फार्मएल्डीहाइड, अमोनिया तथा जल के मिश्रण में निःशब्द विद्युत विसर्ग प्रवाहित करके ऐमीनो अम्ल का संश्लेषण किया। विद्युतीय विधि का प्रयोग करते हुये 1953 में मिलर ने उन गैसों में, जो सम्भवतः पृथ्वी के वातावरण में प्रारम्भिक दशा में उपस्थित थीं, विद्युत विसर्ग प्रवाहित करके ऐमीनो अम्लों का संश्लेषण किया। 1954 में बहादुर ने[2,3] प्रदर्शित किया कि एमीनो अम्लों का संश्लेषण प्रकाश-रासायनिक विधि के द्वारा, कार्बनिक कार्बन के स्रोत, तथा मिट्टी में सामान्यतः प्राप्त कार्बनिक उत्प्रेरकों से युक्त निर्बीजित जलीय मिश्रणों में किया जा सकता है। इस विषय पर अनेक वैज्ञानिकों ने अनेक शोध पत्र प्रकाशित किये हैं।[3–16] 1958 में सेंट मेरी औषधालय लंदन के प्रो० ए० न्यूबर्गर, एफ० आर० एस०, ने ऐमीनो अम्लो के संश्लेषण की इस सरल विधि की खोज के लिये बहादुर की सराहना की है।

पूर्वजैविक यग में ऐमीनो अम्लों के निर्माण की इस सरल विधि के द्वारा, जो कि सम्भवतः पुरातन पृथ्वी के तालाबों एवं समुद्रों में हुई होगी, पर्याप्त मात्रा में ऐमीनों अम्लों का निर्माण हुआ होगा। अभी हाल में कुछ लेखकों ने ऐमीनो अम्लों के निर्माण के हेतु विद्युत विसर्ग तथा अन्य तीव्र विकिरणों को सहायक मानने पर विशेष बल दिया है, यहाँ तक कि उन्होंने इन तीव्र विकिरणों के प्रभाव में उत्पन्न उत्पादों के स्थायित्व के सम्बन्ध में हल[17] के ऊष्मागतिकीय विचारों की भी पूर्णतः उपेक्षा कर दी है। यह सर्वविदित है कि पृथ्वी पर जल के आविर्भाव के साथ ही तीव्र पराबैंगनी विकिरणों का आना रुक गया और पृथ्वी पर उसकी उत्पत्ति के बाद शीघ्र ही जल उत्पन्न हो गया।

जैविक कोटि के यौगिकों में पेप्टाइड का निर्माण एक दूसरा महत्त्वपूर्ण चरण है। निर्बीजित जलीय मिश्रणों में प्रकाश-रासायनिक विधि द्वारा पेप्टाइड के निर्माण की सूचना सर्वप्रथम 1958 में[18,19]

प्रकाशित हुई । तब से भारत एवं विदेशों की अनेक प्रयोगशालाओं में इस दिशा में निरन्तर कार्य हो रहा है और इस विषय पर अनेक शोधपत्र प्रकाशित हुये हैं, जिनका संक्षेपन भी हो चुका है[20,21,22,23,24,25,26]। ऐसा देखा गया है कि यदि ऐमीनों अम्लों तथा अकार्बनिक उत्प्रेरकों के निर्बीजित जलीय विलयन को प्रकाश में रखा जाये, तो मिश्रण में अनेक पेप्टाइड बन जाते हैं। पूर्वजैविक युग में पेप्टाइड का निर्माण सरल था, इस प्रक्रम के लिये और सौर विकिरणों से आवश्यक ऊर्जा प्राप्त हुई ।

